RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 103 | FRIDAY 24-04-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



बिजली फ्री में दे रही, जब तुम को सरकार।
फिर भी पूरी चाहिए, नखरे देखो यार।
नखरे देखो यार, सोच है कितनी घटिया।
काहे गिनते दांत, दान की जब है बछिया।
कह साहिल कविराय, तबीयत काहे मचली।
ले लो जितनी मिले, मुफ़्त में मिलती बिजली।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल




# भीषण गर्मी का कहर, स्टुडैंट व टीचर दोनो परेशान स्कूलों का समय बदलने की मांग

अशोक सहगल

लुधियाना, यूर्टन 23 अप्रैल। अप्रैल के महीने में ही गर्मी ने आम आदमी की दिनचर्या को बिगाडना शुरू कर दिया है इसका सीधा असर बच्चों पर भी पड रहा है लगातार इस तापमान को देखते हुए शिक्षा भाग के डायरैक्टर जनरल स्कूल (डी.जी.एस.ई.) द्वारा बच्चो की सेहत सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं।

विभाग ने नैशनल डिजास्टर मैनजमैंट अथॉरिटी (एन. डी. एम.ए.) गाइडलाइंस का हवाला देते हुए स्कूलों की आदेश दिया है कि विद्यार्थियों को सुबह की सभा और क्लासरूम में लू से बचाव के प्रति जागरूक करें। अभिभावकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने सरकार से मांग ।है कि स्कूलों का समय तुरंत बदला जाए। अभिभावकों की स्पष्ट मांग है कि स्कूलों का समय बदलकर सुबह 7 से 11 बजे तक किया जाए। उनका तर्क है कि 11 बजे के बाद धूप असहनीय हो जाती है, जिससे बच्चों को डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है।




### बिजली कट से बड़ी मुसीबत

बच्चों की सुविधाओं का भारी अभाव शहर और ग्रामीण इलाकों में लग रहे लंबे-लंबे बिजली के कटों ने सरकारी स्कूलों के क्लासरूम को भट्ठी बना दिया है। पंख गर्म हवा फेंकते हैं जैसे लू चल रही हो निजी स्कूलों में जैनरेटर और भारी-भरकम इन्वर्टर की सुविधा होने के कारण बच्चों को कुछ राहत मिल जाती है लेकिन अधिकतर सरकारी स्कूलों में जैनरेटर न होने के कारण बच्चे उमस और पसीने में तपने को मजबूर हैं। सबसे गंभीर समस्या पानी की है। बिजली गुल होते ही स्कूलों की मोटरें बंद हो जाती हैं जिससे वाटर कूलर महज दिखावा बन जाते हैं और बच्चों के घर वापसी होती है भट्ठी में दोपहर के समय जब स्कूल की छुट्टी होती है तो लू के थपेड़े बच्चों को बुरी झुलसा देते हैं। ऐसा लगता है मानव में किसी ने भट्ठी मे झोक दिया हो चिलचिलाती धूप में साइकिल चलाकर घर वापस लौटते समय बच्चों में बेहोशी, चक्कर आने और नाक से खून बहने (नकसीर) की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। अभिभावकों का कहना है कि दोपहर 2 बजे तक बच्चों को स्कूल में रखना उनकी जान जोखिम में डालने जैसा है।

### स्वास्थ्य विभाग में जारी की एडवाइजरी

जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए सिविल सर्जन डॉ. रमणदीप कौर ने हीटवेव (लू) संबंधी एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से सतर्क रहने और आवश्यक बचाव उपाय अपनाने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच जाता है, तो डिहाइड्रेशन, हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

### बच्चों के अलावा बुजुर्ग सीधी धूप से बचे

डॉ. कौर ने बताया कि हीटवेव के दौरान कुछ वर्गों के लिए विशेष खतरा होता है। इनमें 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं, हृदय, मधुमेह या श्वसन संबंधी बीमारियों से पीड़ित व्यक्ति, तथा बाहर काम करने वाले मजदूर, किसान और निर्माण कार्य से जुड़े श्रमिक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये उच्च-जोखिम वाले समूह सीधी धूप से बचें और अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें।

### बच्चो तथा पालतू जानवरों को गाड़ियों में ना छोड़े

इसके अलावा, बच्चों या जानवरों को खड़ी गाड़ियों में छोड़ने पर सख्त मनाही की गई है, क्योंकि वाहन के अंदर तापमान तेजी से बढ़कर जानलेवा हो सकता है। डॉ. कौर ने बताया कि बाहर काम करने वाले लोग सुबह या शाम के समय काम करें, छांव में आराम करें और बार-बार पानी पीने की आदत डालें। उन्होंने यह भी यदि किसी व्यक्ति में चक्कर आना, बुखार, उल्टी या बेहोशी जैसे लक्षण दिखाई दें, तो उसे तुरंत ठंडी या छायादार जगह पर ले जाएं, पानी दें और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाएं।

### १२:३० बजे तक घर के अंदर रहे

लोगों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक घर के अंदर रहने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पानी और तरल पदार्थ जैसे ओआरएस, नींबू पानी, लस्सी और छाछ का सेवन करना चाहिए। बाहर जाते समय हल्के रंग के ढीले कपड़े पहनना और सिर को कपड़े या टोपी से ढकना लाभदायक रहेगा। एडवाइजरी में हल्का भोजन करने और मौसमी फल एवं सब्जियों के सेवन की भी सिफारिश की गई है। लोगों को शराब, कैफीनयुक्त पेय पदार्थों और ज्यादा मसालेदार भोजन से परहेज करने की सलाह दी गई है, क्योंकि ये शरीर में पानी की कमी बढ़ाते हैं।

## पंजाब-हरियाणा बार काउन्सिल चुनाव: रोमांच चरम पर, सुविर सिद्धू नंबर-1 – लुधियाना पिछड़ा

### अब वोट ट्रांसफर और एलिमिनेशन प्रक्रिया बदल सकती है पूरी तस्वीर

चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। पंजाब-हरियाणा बार काउन्सिल चुनाव में इस समय सियासी पारा अपने चरम पर है। हर राउंड के साथ समीकरण बदल रहे हैं और मुकाबला बेहद कांटे का हो गया है। ताजा रुझानों में सुविर सिद्धू 3317 वोटों के साथ शीर्ष पर मजबूती से काबिज हैं, जबकि करनजीत सिंह, अजय चौधरी और मिंदरजीत यादव भी कड़ी टक्कर दे रहे हैं। सबसे अहम बात यह है कि टॉप-7 उम्मीदवार कोटा (QR) हासिल कर लगभग अपनी सीट सुरक्षित कर चुके हैं, जिससे बाकी दावेदारों के लिए राह और मुश्किल हो गई है। दूसरी ओर प्रद्युमन गर्ग, गुरतेज सिंह ग्रेवाल और राजेंद्र जुनेजा भी बढ़त



बनाए हुए हैं, लेकिन निचले पायदान पर बेहद मामूली अंतर के कारण हर राउंड में तस्वीर पलटती दिख रही है। प्रवेश यादव, प्रताप सिंह और अमित राणा अभी भी रेस में बने हुए हैं, जिससे मुकाबला और दिलचस्प हो गया है।

चुनाव में कुल 79,613 वोट पड़े, जिनमें से 54,900 वोट टॉप-18 उम्मीदवारों को मिले। वहीं 47,953 वोट एलिमिनेट उम्मीदवारों के खाते में जाने से अब ट्रांसफर वोट निर्णायक भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा 3,693 अनयूज्ड वोट भी नतीजों पर असर डाल सकते हैं। लुधियाना के उम्मीदवारों की हालत चिंता बढ़ाने वाली है। चेतन वर्मा 2342 वोट के साथ पीछे चल रहे हैं, जबकि हरिश राय ढांडा सिर्फ 929 वोट ले सके हैं। अन्य जिलों के मुकाबले लुधियाना का प्रदर्शन कमजोर पड़ता दिख रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले राउंड में वोट ट्रांसफर और एलिमिनेशन की प्रक्रिया ही असली गेम-चेंजर साबित होगी – और अंतिम नतीजों में बड़ा उलटफेर तय माना जा रहा है।

## चंडीगढ़ में भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसने की तैयारी तेज, एसीबी ने तय किया एक्शन प्लान

चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई को और धार देने के लिए चंडीगढ़ के राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने अपनी रणनीति सख्त कर दी है। त्रैमासिक समीक्षा बैठक में एसीबी प्रमुख एएस चावला ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि हर केस में तेजी, पारदर्शिता और पुख्ता साक्ष्य सुनिश्चित किए जाएं। बैठक के दौरान विभिन्न शाखाओं और रेंज कार्यालयों के कामकाज का बारीकी से मूल्यांकन किया गया। खास तौर पर रेड की प्रगति, लंबित जांचों की स्थिति, सूचना रिपोर्ट की गुणवत्ता और अदालतों में मामलों की स्थिति पर चर्चा हुई। अधिकारियों को लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द निपटाने के निर्देश दिए गए। एसीबी ने इस बात पर जोर दिया कि कार्रवाई केवल तेज ही नहीं, बल्कि सटीक और सबूतों पर आधारित होनी चाहिए, ताकि किसी भी निर्दोष व्यक्ति को परेशानी न हो। साथ ही भ्रष्टाचार के मामलों में



लगातार रेड जारी रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जांच और अभियोजन के बीच बेहतर समन्वय बनाने पर भी फोकस रहा, जिससे अदालतों में दोष सिद्धि दर को बढ़ाया जा सके। अधिकारियों से कहा गया कि मजबूत केस तैयार कर कोर्ट में प्रभावी ढंग से पेश किए जाएं। इस मौके पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। एसीबी प्रमुख ने दोहराया कि 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और आम जनता के विश्वास को मजबूत करना प्राथमिकता बनी रहेगी।

# तीन नामी स्कूलों और रेलवे ट्रेक को आईईडी से उड़ाने की धमकी धमकी, ईमेल के जरिए धमकाया, पुलिस अलर्ट

लुधियाना/यूटर्न/23 अप्रैल। लुधियाना में गुरुवार को 3 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इन स्कूलों में स्प्रिंग डेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल शेरपुर, डीएवी स्कूल बीआरएस नगर और मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल शामिल है। पार्षद ने बताया कि स्कूलों के साथ रेलवे ट्रैक को भी उड़ाने की धमकी मिली। धमकी मिलने के बाद तीनों स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। पेरेंट्स बच्चों को लेने स्कूलों में पहुंचे। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस और बम स्क्वायड की टीमों ने सर्च की। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल अनिल शर्मा ने बताया कि सुबह करीब 9:15 बजे स्कूल को एक ईमेल के जरिए धमकी मिली। ईमेल में स्कूल को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। धमकी मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने बिना देरी किए सभी स्टूडेंट्स के अभिभावकों को सूचित किया। प्रिंसिपल अनिल शर्मा ने बताया कि स्कूल में इस तरह की धमकी पहली बार मिली है, जिससे स्टाफ और अभिभावकों में डर का माहौल है। स्कूल प्रबंधन ने धमकी भरे ईमेल की आईडी पुलिस को सौंप दी है।

## कई अन्य शहरों के भी ईमेल में नाम शामिल

गुरुवार सुबह 9:14 बजे खालिस्तान नेशनल आर्मी नाम से भेजे गए ईमेल में पंजाब को खालिस्तान बनाने की बात कही गई है और दोपहर 1:11 बजे स्कूलों में धमाके होने का दावा किया गया। साथ ही 24 अप्रैल को ब्लैकआउट दिवस बताते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों को स्कूल न भेजने की अपील की गई है। मेल में यह भी चेतावनी दी गई है कि ब्लैकआउटवाले दिन अमृतसर, लुधियाना, बठिंडा और फिरोजपुर में रात 8:11 बजे रेलवे ट्रैकों को बम्ऊसे उड़ाया जाएगा। लोगों को उस दिन रेल यात्रा से बचने को कहा गया है।

# चंडीगढ़ में ड्रग्स के खिलाफ बड़ी कार्रवाई: 22.66 ग्राम हेरोइन के साथ आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। चंडीगढ़ पुलिस की डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल ने नशे के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके



कब्जे से 22.66 ग्राम हेरोइन बरामद की है। यह कार्रवाई डीएसपी विजय सिंह और इंस्पेक्टर चिरंजी लाल के मार्गदर्शन में की गई। मामला थाना मलोया में एफआईआर नंबर 63 दिनांक 22 अप्रैल 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के अंतर्गत दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार 22 अप्रैल को सब-इंस्पेक्टर नवीन अपनी टीम के साथ जीरी मंडी चौक क्षेत्र में गश्त पर थे। शाम करीब 6:15 बजे एक युवक पुलिस को देखकर अचानक वापस मुड़ने लगा, जिससे शक हुआ। टीम ने तुरंत उसे पकड़कर तलाशी ली, जिसमें उसके पास से 22.66 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मनीष कुमार उर्फ शिव (22) के रूप में हुई है, जो मोहाली के झांपुर क्षेत्र का रहने वाला है। वह 9वीं तक पढ़ा है और बैंड स्टाफ के रूप में काम करता है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी सस्ती दरों पर अंबाला और रोपड़ से नशा खरीदता था और ट्राइसिटी में ऊंचे दामों पर बेचता था। इस नेटवर्क में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी साल 2024 में मारपीट और हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में मामला दर्ज हो चुका है। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटी है और आगे की जांच जारी है।

# शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का झांसा देकर 1.75 करोड़ के साइबर फ्रॉड में 2 आरोपी और गिरफ्तार, अब तक कुल 17 आरोपी गिरफ्तार

## सोशल मीडिया पर निवेश, शेयर ट्रेडिंग, क्रिप्टो, आईपीओ या मोटे मुनाफे के नाम पर आने वाले किसी भी लिंक, ग्रुप या ऑफर पर बिना सत्यापन भरोसा न करें: डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक

पंचकूला/यूटर्न/23 अप्रैल। साइबर अपराध के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही पंचकूला पुलिस को एक बड़े साइबर फ्रॉड मामले में अहम सफलता हाथ लगी है। शेयर मार्केट में निवेश पर दोगुना मुनाफा देने का लालच देकर 1 करोड़ 75 लाख रुपये की ठगी के मामले में साइबर क्राइम थाना पंचकूला की टीम ने 22 अप्रैल को 2 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान करुनाल योगेश सांगवी निवासी जिला चैन्नई तमिलनाडु व निशान्त राजपुत वासी अहमदाबाद गुजरात के रुप में हुई है। आरोपी करुनाल योगेश सांगवी को माननीय पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिली है वहीं आरोपी निशान्त राजपुत को आज न्यायिक हिरासत भेज दिया है। यह मामला जुलाई 2024 में दर्ज किया गया था। पंचकूला वासी शिकायतकर्ता ने 31 जुलाई 2024 को साइबर थाना पंचकूला में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, 5 जुलाई 2024 को उसे फेसबुक पर शेयर मार्केट से जुड़ा एक आकर्षक विज्ञापन दिखाई दिया। विज्ञापन को लाइक करने के बाद शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप के माध्यम से एक लिंक भेजा गया, जिसके जरिए उसे शेयर बाजार में निवेश कर भारी मुनाफा कमाने का लालच दिया गया। ठगों ने सुनियोजित तरीके से भरोसा जीतकर शिकायतकर्ता से अलग-अलग चरणों में बड़ी



रकम निवेश करवाई और कुल 1 करोड़ 75 लाख रुपये की ठगी को अंजाम दिया।

शिकायत की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना पंचकूला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(4), 336(3), 338, 340 व 61 के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले की जांच साइबर थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह के नेतृत्व में सब-इंस्पेक्टर भूप सिंह द्वारा की जा रही है। जांच के दौरान सामने आया कि गिरफ्तार दोनों बैंक कर्मचारी साइबर ठगों के साथ मिलकर भोले-भाले लोगों के बैंक खाते खुलवाने, उनके दस्तावेज एकत्र करने तथा ठगी की रकम को विभिन्न खातों में ट्रांसफर कराने में अहम भूमिका निभाते थे।

**डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह:** इस साइबर फ्रॉड नेटवर्क में अब तक कुल 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में 16 दिसंबर 2024 को दो आरोपी



कृष्ण कुमार और सुभाष को गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद 11 जुलाई 2025 को संजय कुमार उर्फ बॉक्सर, 27 जुलाई को तेजेन्द्र पाल सिंह, 3 अक्टूबर को हरजीत सिंह, फिर परविंद्र, 13 अक्टूबर को हैरी, 3 नवंबर को चेतन, इसके बाद अरविंद भानुशाली, 17 नवंबर को किशन और 22 नवंबर को नवीन भाई को गिरफ्तार किया गया। 3 अप्रैल 2026 को आरोपी रौनक ठक्कर निवासी गुजरात को पकड़ा गया था। 7 अप्रैल को पुलिस ने कृष्ण प्रताप और बादल गुरनाम सिंह निवासी अहमदाबाद, गुजरात को गिरफ्तार किया था। 14 अप्रैल को पुलिस ने 15वें आरोपी मयूर वासी अहमदाबाद, गुजरात को गिरफ्तार किया था। अब इस कड़ी में 2 और आरोपियों की गिरफ्तारी से जांच को और मजबूती मिली हो।

डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सोशल मीडिया, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम या व्हाट्सएप पर निवेश, शेयर ट्रेडिंग, क्रिप्टो, आईपीओ या मोटे मुनाफे के नाम पर आने वाले किसी भी लिंक, ग्रुप या ऑफर पर बिना सत्यापन भरोसा न करें। किसी भी अनजान ऐप, वेबसाइट या लिंक पर अपनी बैंकिंग जानकारी, ओटीपी, पिन या निजी दस्तावेज साझा न करें।

उन्होंने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी होती है, तो वह तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराए या cybercrime.gov.in पोर्टल पर रिपोर्ट करे, ताकि समय रहते रकम को ट्रैक कर फ्रीज कराया जा सके।

# हिसार में 27 अप्रैल को 'छात्र हित महापंचायत', कार्यकर्ताओं से जुटने का आह्वान



कुलदीप सैनी

पंचकूला/यूटर्न/23 अप्रैल। दुष्यंत चौटाला ने जिला पंचकूला के सेक्टर-21 में जजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक को संबोधित करते हुए 27 अप्रैल को हिसार में आयोजित होने वाली छात्र हित महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों का भगवाकरण तथा उन्हें राजनीतिक अड्डा बनाने की कोशिशें बंद होनी चाहिए। चौटाला ने 16-17 अप्रैल को हिसार में पुलिस और गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा जजपा नेताओं, कार्यकताओं और इनसो के छात्र प्रतिनिधियों के साथ कथित दुर्व्यवहार का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जजपा द्वारा उठाए जा रहे जनहित और छात्र-युवा मुद्दों से घबराकर उनके और दिग्विजय सिंह चौटाला के खिलाफ साजिश रच रही है तथा गलत तरीके से एफआईआर दर्ज कर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी चौधरी देवी लाल की विचारधारा पर चलते हुए लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण ढंग से जनता, किसानों, युवाओं और छात्रों के मुद्दे उठाती रहेगी। बैठक में जिला अध्यक्ष ओपी सिहाग सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे और पंचकूला से बड़ी संख्या में हिसार पहुंचने का भरोसा दिया गया।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 06 मां बगलामुखी जयंति पर मां बगलामुखी धाम में...

# एक तरफा प्रेम प्रसंग या कोई पॉलिटिकल स्टंट, क्या अपने ही अपनों के खिलाफ रच रहे षड्यंत्र ?

लुधियाना /यूटर्न/ 23 अप्रैल। वीरवार को कारोबारी शहर में महिला राजनेता के पति के एक तरफा प्रेम प्रसंग का किस्स्सा सुर्खियों में बना रहा हर सैक्टर के लोग इसकी चर्चा करते दिखे। वही सरकारी विभागों से लेकर राजनितिक गलियारे के लोग चुस्कियां लेने में पीछे नहीं रहे। दोनों पक्षों के बारे में पता होने के बावजूद लोग एक दूसरे को पलोसकर नाम जानने में जुटे रहे।




## खुली सोच महिलाओं के लिए बन रही अपॉर्चुनिटी

राजनीति में ऐसे मामले सामने आने के बाद यह साबित होता है कि अभी भी महिलाओं का शोषण जोरो पर हो रहा है। वहीं शहर में ऐसे मामलों से जुड़े कई अन्य किस्से भी चर्चित रहे है। चर्चा है कि वर्तमान समय की खुली सोच वाली तथाकथित महिलाएं अब शोषण को अपॉर्चुनिटी बनाते हुए इसे सफलता की सीढ़ी भी बना रही हैं।

## शीर्ष नेताओ से क्यों नहीं किया सम्पर्क

चर्चा है कि आरोप लगाने वाली टीचर महिला पिछले लबे समय तक महिला राजनेता परिवार के संपर्क में थी। जिनकी अच्छी दोस्ती थी और जिसका प्रमाण सोशल मीडिया पर इनकी आपसी तस्वीरें मानी जा सकती है। ऐसे में सवाल खड़े हो रहे हैं कि अगर महिला पर यह शोषण का दबाव बनाया जा रहा था तो उन्होंने जिले में महिला राजनेता के असंख्य शीर्ष नेताओ से क्यों सम्पर्क नहीं किया। एकाएक सोशल मिडिया पर मदद मांगना एवं इंसाफ की गुहार लगाना सवालों को अंजाम दे रही है। जानकर इसे पॉलिटिक्ल स्टंट के दृष्टिकोण से भी देख रहे है।

## तपस्या भंग करने को हो रहा मेनका का इस्तेमाल ?

चर्चा है की सदियों से तपस्या को भंग करने के लिए मेनका को भेजा जाता रहा है। आज राजनीति में भी वही पैतरे इस्तेमाल किए जा रहे है। उनके अनुसार एक तरफा प्रेम प्रसंग पार्टी के अन्य युवा नेता द्वारा महिला राजनेता के परिवार के खिलाफ सोचा समझा षड्यंत्र है लेकिन अब आने वाले समय ही मामले की असलियत का पता चल सकेगा। यह चर्चाएं हैं, तो इस पर यकीन करना कितना सही है, यह सभी जानते हैं।

## कंपैटिबिलिटी न होने से अन्य हल्कों के लीडरों के दफ्तरों में बढ़ रही उपस्थितियाँ

चर्चा हैं कि आज कल कई बड़े राजनेताओं का अपने हल्के के वर्करों के साथ अच्छा संपर्क नहीं है। जिसके चलत बड़े राजनेताओं द्वारा दबाए जाने वाले वर्कर दूसरे हलकों के बड़े लीडरों के साथ नजदीकियां बढ़ा कर काम निकलवा रहे है। चर्चा है कि वर्करों को अपने हल्कों के लीडरों के साथ कंपैटिबिलिटी न मिलने के कारण और दूसरे राजनेताओं द्वारा ज्यादा तवज्जों देने के चलते उनकी तरफ झुकाव ज्यादा हो रहा है। वर्तमान समय में कई महिला राजनेता अन्य हलकों के बड़े नेताओं के दफ्तरों में ज्यादा उपस्थिति चर्चाएं बनी हुई है

## नेता के जरिए काम करवाती रही महिला

वहीं चर्चा है कि जिस महिला द्वारा आरोप लगाए जा रहे हैं, बेशक उसके आरोप सही हों। लेकिन इस मामले में कई और चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। चर्चा है कि उक्त नेता का सरकारी विभागों में रसुख होने के चलते महिला द्वारा पहले खुद ही उससे कई काम करवाए गए। जिसमें वाहन छुड़वाना तक शामिल है। वहीं इसके अलावा कई विभागों में और भी काम करवाए गए और नेता की राजनेता पत्नी को सभी के सामने अपनी पक्की दोस्त बताया गया। चर्चा है कि बाद में कई और नेतागन संपर्क में आए और बात बदल गई। जिससे दोस्ती के मायने भी बदल गए।

## पहली बार देखने को मिल रही ऐसी राजनीति

अक्सर राजनीती में एक दूसरे पर विकास न करने और जनता के कार्य न करने के आरोपों का विवाद होता था। लेकिन समय बदलने के बाद अब लुधियाना में अलग ही किस्म की राजनीति देखने को मिल रही है। जिसके चलते अपनों द्वारा ही अपनों के खिलाफ षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। इस मामले में भी ऐसी ही चर्चाएं सामने आ रही हैं। चर्चा है कि अब विकास के आरोपों की जगह अपनों द्वारा अपनों को ही नुकसान पहुंचाने के लिए यह प्रयास किए जा रहे हैं, यह एक नई किस्म की राजनीति ऊभरकर सामने आई है।

## कही पर निगाहें, कहीं पर निशाना

वहीं चर्चा है कि जल्द पंजाब में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है। जिसके चलते कुछ लोग इसे चुनावों को लेकर साजिश भी मान रहे हैं। चर्चा है कि इसमें सीधा टारगेट उच्च पोस्ट को किया जा सकता है। वहीं युवा पीढ़ी इसे रिलेशनशिप ऑफ कम्फर्ट कह रही है। हालांकि इस पूरे घटनाक्रम में अभी तक नेता दंपति द्वारा कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

# सीम री - एक्टिवेशन के जरिए बैंक खातों से ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 2 और आरोपी गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। चंडीगढ़ साइबर क्राइम पुलिस ने बैंक अकाउंट कंप्रोमाइज और नेट बैंकिंग के दुरुपयोग से जुड़े एक बड़े साइबर फ्रॉड मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर अहम सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई शहर में बढ़ते साइबर अपराधों पर लगाम कसने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

यह मामला एफआईआर नंबर 56 दिनांक 13 मई 2025 के तहत दर्ज किया गया था, जिसमें भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत जांच जारी थी। इससे पहले इस केस में राजस्थान और हरियाणा के सिरसा जिले से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार को तकनीकी निगरानी और फील्ड ऑपरेशन के आधार पर पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब जिले के मलोट क्षेत्र के गांव कोलियांवाली में छापेमारी की गई। इस दौरान मनींदर सिंह को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि सह-आरोपी बलविंदर उर्फ बिंदु और बलजिंदर ने उसे अपने बैंक खाते में फ्रॉड की रकम ट्रांसफर कराने के लिए राजी किया था। उसके खाते में ₹12.10 लाख जमा कराए गए, जिन्हें उसने एटीएम और चेक के जरिए निकालकर आरोपियों को सौंप दिया।



इसके बदले उसे 10% कमीशन दिया गया। इसी तरह दूसरे आरोपी बलजीत सिंह ने भी अपने खाते के जरिए ₹4.70 लाख की अवैध रकम निकालने में मदद की और कमीशन लिया।

**गिरफ्तार आरोपी:** साइबर थाना पुलिस का कहना है कि इस गिरोह के अन्य सदस्यों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच जारी है।

**साइबर ठगी से बचने के लिए पुलिस की अपील:** चंडीगढ़ पुलिस ने आम जनता से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा है कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने बैंक खाते का इस्तेमाल न करने दें और ओटीपी, पिन या बैंक डिटेल्स साझा करने से बचें। किसी भी संदिग्ध ट्रांजेक्शन की तुरंत सूचना साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस स्टेशन में दें। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आसान पैसे या कमीशन के लालच में आकर लोग खुद भी अपराध का हिस्सा बन जाते हैं, इसलिए सतर्क रहना बेहद जरूरी है।

# टेमपर्ड नंबर प्लेट व ट्रिपल राइडिंग पर कार्रवाई, 25 हजार का चालान; बाइक इंपाउंड

पंचकूला/यूटर्न/23 अप्रैल। पंचकूला पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आज एक बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। शहर की सड़कों पर अनुशासन बनाए रखने के संकल्प को दोहराते हुए डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने स्वयं मोर्चा संभाला और नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले युवकों को कड़ा सबक सिखाया।

यह घटना दिनांक 22 अप्रैल, सेक्टर-1 स्थित मदर टेरेसा साकेत हॉस्पिटल के पास की है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह अपने निजी वाहन से वहां से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर एक बाइक पर पड़ी जिस पर तीन युवक सवार थे। गौर करने वाली बात यह थी कि बाइक की नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ (टेमपर्ड) की गई थी ताकि उसकी पहचान छुपाई जा सके। डीसीपी ने तुरंत तत्परता दिखाते हुए बाइक को मौके पर ही रुकवा लिया। उन्होंने सिटी ट्रैफिक एसएचओ



वरिंद्र कुमार को तुरंत घटनास्थल पर बुलाया। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए बाइक का 25 हजार रुपये का भारी-भरकम चालान काटा और वाहन को मौके पर ही इंपाउंड कर लिया। इस कार्रवाई के बाद युवाओं और आमजन को कड़ा संदेश देते हुए डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने कहा: युवाओं को यह समझने की जरूरत है कि यातायात नियमों का पालन करना उनकी अपनी सुरक्षा और सामाजिक व्यवस्था के लिए अनिवार्य है। नंबर प्लेट के साथ छेड़छाड़ करना या उसे छिपाना यातायात नियमों की उल्लंघना है। कोई भी व्यक्ति यह न सोचे कि वह नंबर छिपाकर पुलिस की पैनी नजर से बच सकता है। हमारी टीमें आधुनिक तकनीक और सक्रियता से ऐसे हर वाहन पर नजर रख रही हैं। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक ने आगे स्पष्ट किया कि सभी पुलिस टीमों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं कि वे जाली या टेमपर्ड नंबर प्लेट वाले वाहनों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें और उन्हें बिना उचित दस्तावेजों व नियमों के विरुद्ध वाहन चलाने न दें। पंचकूला पुलिस का लक्ष्य सड़कों को सुरक्षित बनाना है और इसके लिए इस तरह के औचक निरीक्षण और सख्त कार्रवाई का सिलसिला भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा।

## पिंजौर में अवैध खनन पर पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शनः ज्वाइंट ऑपरेशन में 3 जेसीबी और 1 टिप्पर जब्त

पंचकूला/यूटर्न/23 अप्रैल। पंचकूला जिले में अवैध खनन के खिलाफ पुलिस विभाग ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई पिंजौर क्षेत्र में की गई। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता के अनुसार, आज सुबह ईआरवी 525 की टीम को पिंजौर क्षेत्र के गांव कीरतपुर के नजदीक नदी में अवैध खनन होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही टीम बिना देरी किए मौके पर पहुंची और जांच के दौरान खनन की गतिविधियों की पुष्टि हुई। इसके तुरंत बाद पिंजौर थाना को सूचित किया गया, जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बच्चू सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

पुलिस टीम ने माइनिंग विभाग के



कर्मचारियों को भी मौके पर बुलाया और संयुक्त रूप से अभियान चलाया गया। इस ज्वाइंट ऑपरेशन के दौरान मौके से 3 जेसीबी मशीनें और एक टिप्पर बरामद किया गया, जिन्हें कब्जे में लेकर पिंजौर थाना में खड़ा किया गया। साथ ही, सभी वाहनों को मौके पर ही इंपाउंड कर लिया गया। इस संबंध में पंचकूला पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज ने सख्त संदेश देते हुए कहा : पंचकूला की प्राकृतिक संपदा का दोहन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारी टीमें हाई-टेक कैमरों और निरंतर गश्त के जरिए जिले के हर संवेदनशील माइनिंग जोन पर पैनी नजर रख रही हैं। अवैध खनन न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी एक बड़ा खतरा है। जो भी कानून की अवहेलना करेगा, उसे किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## पिंजौर में जुए का खेल चला रहा युवक गिरफ्तार, फर्जी ग्राहक बनकर पहुंची थी पुलिस, कैश व उपकरण बरामद

पंचकूला/यूटर्न/23 अप्रैल। पंचकूला पुलिस की पिंजौर थाना टीम ने 22 अप्रैल को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जुआ खेलने के लिए लोगों को उकसाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नकदी और जुए में प्रयोग किए जाने वाले उपकरण भी बरामद किए हैं। पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि पिंजौर क्षेत्र के मानकपुर देवीलाल गांव में सब्जी मंडी के नजदीक एक युवक लोगों को जुए के लिए उकसा रहा है और अंकों के खेल में फंसाकर उनसे पैसे लगवा रहा है। सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर राजबीर सिंह की अगुवाई में टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए एक पुलिसकर्मी को फर्जी ग्राहक बनाकर मौके पर भेजा। जैसे ही आरोपी ने उसे जुए के खेल में शामिल करने का प्रयास किया, पुलिस टीम ने तुरंत रेड कर उसे काबू कर लिया।

**डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ताः** गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमरीक सिंह निवासी पिंजौर के रूप में हुई है। आरोपी अंकों के जाम में फंसाकर लोगों को जुआ खेलने के लिए उकसाता था और उनसे पैसे लगवाता था। आरोपी के कब्जे से 1150 रुपये नकद तथा जुए में प्रयोग किए जाने वाले उपकरण बरामद किए हैं। डीसीपी ने आमजन से भी अपील है कि यदि कहीं इस तरह की गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## फतेहगढ़ साहिब हादसा में सीएम ने दिया मुआवजा, 9 मृतकों के परिजनों को दो लाख और 34 घायलों को मिलेंगे 50 हजार

खन्ना/यूटर्न/23 अप्रैल। फतेहगढ़ साहिब जिले में हुए बस हादसे के पीड़ितों के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मुआवजे की घोषणा की है। इस दुर्घटना में 9 लोगों की मृत्यु हो गई थी और 34 लोग घायल हुए थे। राज्य सरकार ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये प्रति मृतक के हिसाब से आर्थिक सहायता देने की मंजूरी दी है। वहीं, हादसे में घायल हुए 34 लोगों को 50-50 हजार रुपये की मदद प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री



भगवंत मान ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से इस मुआवजे की घोषणा की। सरकार ने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया है। यह हादसा बीते सप्ताह फतेहगढ़ साहिब जिले के बसी पठानां के नजदीक गांव मैन माजरी में हुआ था। प्रशासन ने भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए हादसे की जांच तेज कर दी है।

## सैक्टर-5 धरना स्थल से 4 मोबाइल चोरी के मामलें में फरार आरोपी रोहन भी गिरफ्तार, आरोपी को आज न्यायिक हिरासत भेजा

**आरोपी रोहन के खिलाफ चंडीगढ़ में आर्म्स एक्ट का मामला भी दर्ज, पहले आरोपी से पुलिस ने 3.60 लाख के तीन मोबाइल फोन किए थे बरामद**

पंचकूला/यूटर्न/23 अप्रैल। पंचकूला पुलिस की तत्परता और मुस्तैदी के चलते मोबाइल चोरी के एक अहम मामले में क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने इन्चार्ज मुकेश सैनी के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी रोहन, निवासी मोहाली (हाल किरायेदार मौली जांगरा, चंडीगढ़) को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले टीम द्वारा एक अन्य आरोपी विशाल उर्फ बलेडा को भी काबू किया जा चुका है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि 15 मार्च 2026 को विकास सिंह निवासी गोहाना (सोनीपत) ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि सेक्टर-5 स्थित धरना स्थल पर उनके तंबू से देर रात करीब 1:40 बजे चार मोबाइल फोन चोरी हो गए थे। चोरी हुए मोबाइल में एप्पल आईफोन 17 प्रो मैक्स, एप्पल आईफोन 15 प्रो मैक्स, वन प्लस और रियलमी कंपनी के मोबाइल शामिल



थे। शिकायत मिलते ही पुलिस ने तत्परता से सैक्टर-5 थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

जांच के दौरान क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने 24 मार्च 2026 को पहले आरोपी विशाल उर्फ बलेडा को गिरफ्तार कर लिया था, जिसके कब्जे से चोरी किए गए चार में से तीन मोबाइल फोन एप्पल आईफोन 17 प्रो मैक्स, एप्पल आईफोन 15 प्रो मैक्स और वन प्लस बरामद किए गए। बरामद मोबाइल की कुल कीमत लगभग 3 लाख 60 हजार रुपये आंकी गई है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि दूसरे आरोपी रोहन को भी गिरफ्तार कर आज न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि आरोपी के खिलाफ चंडीगढ़ में आर्म्स एक्ट के तहत भी मामला दर्ज है।

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 पश्चिम बंगाल चुनाव: शाम 5 बजे तक 89.93 प्रतिशत...

# बीजेपी ने अंबाला मेयर पद के लिए अक्षिता सैनी को उम्मीदवार बनाया; आप ने वार्ड उम्मीदवारों की घोषणा की

चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। बीजेपी ने बुधवार को अंबाला नगर निगम चुनाव के लिए मेयर पद के उम्मीदवार के तौर पर अक्षिता सैनी के नाम की घोषणा की। अंबाला नगर निगम में मेयर का पद बीसी (बी) महिला वर्ग के लिए आरक्षित था। अक्षिता सैनी (33) ने कहा, मैं पार्टी नेतृत्व की आभारी हूँ कि उन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और मुझे यह अवसर दिया। मेरे दादा बरयाम सिंह सैनी ने जनसंघ के टिकट पर थानेसर विधानसभा क्षेत्र से दो बार चुनाव लड़ा था, जबकि मेरे पिता स्वर्ण सिंह सैनी अंबाला शहर मंडल के उपाध्यक्ष हैं। मेरे परिवार ने हमेशा समाज के लिए काम किया है, और मैं भी अंबाला की बेटी के तौर पर काम करूँगी। अक्षिता अपना पहला चुनाव लड़ेंगी।



## अक्षिता का परिवार जनसंघ के समय से जुड़ा

बीजेपी के ज़िला अध्यक्ष मनदीप राणा ने कहा, अक्षिता का परिवार जनसंघ के समय से ही पार्टी से जुड़ा रहा है, और उनके पिता पूरी लगन से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। हम पार्टी के इस फ़ैसले का स्वागत करते हैं, क्योंकि ऐसी चीजों से पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता है और उनमें नया जोश भर जाता है। पार्टी पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेगी और नगर निगम चुनाव की सभी सीटें जीतेगी।

**युवा उम्मीदवार को मैदान में उतारा...**पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने कहा, पार्टी ने एक युवा उम्मीदवार को मैदान में उतारा है, और हमें पूरा भरोसा है कि पार्टी जरूर जीतेगी। यह पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए एक बड़ा दिन है, और हम पार्टी नेतृत्व के आभारी हैं कि उन्होंने एक ऐसे परिवार पर भरोसा जताया है जो जनसंघ के जमाने से ही बीजेपी की विचारधारा के प्रति समर्पित रहा है। यह बात कि आज उनके परिवार की तीसरी पीढ़ी को यह ज़िम्मेदारी सौंपी गई है, पार्टी के प्रति उनके दशकों के अटूट समर्पण और वफ़ादारी का जीता-जागता सबूत है। मेयर पद के लिए पार्टी को 10 आवेदन मिले थे। बीजेपी कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार हैं, और पार्टी यह चुनाव जरूर जीतेगी।

**आप ने चार उम्मीदवारों की घोषणा की...**इस बीच, आम आदमी पार्टी ने नगर निगम में वॉर्ड सदस्य के पदों के लिए चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। पार्टी ने वार्ड-4 से सुखविंदर सिंह, वार्ड-6 से ज्योति, वार्ड-13 से अंशिका यादव और वार्ड-16 से हरनेक सिंह के नामों की घोषणा की है। आप के अंबाला चुनाव प्रभारी सुमित हिंदुस्तानी ने कहा, रवरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श के बाद अंबाला नगर निगम चुनावों के लिए चार नामों की घोषणा की गई है, और जल्द ही और नामों की भी घोषणा की जाएगी। हमें पूरा विश्वास है कि अंबाला की जनता निगम चुनाव में आप को एक अवसर देगी।

# हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ के जज को किया सस्पेंड, वीडियो वायरल होने के बाद का एक्शन

चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ में तैनात एक जज की वीडियो वायरल होने के बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया है। साथ ही उन्हें हरियाणा के रोहतक ट्रांसफर कर दिया। चीफ जस्टिस की तरफ से इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। हालांकि, जज ने खुद को ब्लैकमेल करने के आरोप लगाए थे। जज ने पुलिस को शिकायत दी थी कि कुछ समय पहले उनका मोबाइल खो गया था और किसी ने मॉर्फ्ड वीडियो डाली है। उनकी शिकायत पर चंडीगढ़ पुलिस ने केस भी दर्ज कर रोहतक के वकील को गिरफ्तार किया था, जिन्हें अब जमानत मिल गई है। उधर, हाईकोर्ट के जीफ जस्टिस के ऑर्डर के मुताबिक, हरियाणा सिविल सर्विसेज (पनिशमेंट एंड अपील) रूल्स, 2016 के रूल 4(b) के साथ संविधान के आर्टिकल 235 के तहत हाई कोर्ट के डिसिप्लिनरी अधिकार क्षेत्र का इस्तेमाल करते हुए सस्पेंशन का ऑर्डर दिया है। चीफ जस्टिस और दूसरे जजों वाली फुल बेंच ने यह भी निर्देश दिया है कि सस्पेंशन पीरियड के दौरान ऑफिसर का हेडक्वार्टर हरियाणा में होगा।




## छवि खराब करने की कोशिश

यह मामला चंडीगढ़ जिला अदालत के जज की शिकायत पर दर्ज हुआ था। शिकायत के अनुसार, 18 फरवरी को उन्हें एक अनजान नंबर से कॉल आई। इसके बाद व्हाट्सएप पर मैसेज भेजे गए, जिनमें उनकी मार्फ्ड और आपत्तिजनक तस्वीरें दिखाई गईं। फिर दूसरे नंबर से कॉल कर 1.5 करोड़ रुपए की मांग की गई और पैसे न देने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी गई और अब छवि खराब की जा रही है।

# हरियाणा के गुरुग्राम में नीट की तैयारी कर रहे छात्र ने आत्महत्या की

चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। गुरुग्राम में एक 30 वर्षीय मेडिकल छात्र ने कथित तौर पर अपने पीजी (पेइंग गेस्ट) आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पीजी के मालिक ने कमरे से बदबू आने पर पुलिस को बुलाया, और दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है और परिवार को सूचित कर दिया है। कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। शव लगभग पाँच दिन पुराना था और पूरी तरह से सड़ चुका था। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान अंकित के रूप में हुई है, जो महेंद्रगढ़ ज़िले के खमपुरा गाँव का रहने वाला था। वह कुछ समय से एमबीबीएस प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था, और जनवरी 2026 से आईएमटी, मानेसर पुलिस थाना क्षेत्र के बस कुशला गाँव में स्थित 'श्री कृष्णा पीजी' में रह रहा था।



## कमरे से आने लगी बदबू

बुधवार रात को, जब पीजी के कमरे से बदबू आने लगी, तो अन्य किराएदारों और पीजी के मालिक कपिल यादव ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया। किसी अनहोनी की आशंका होने पर उन्होंने तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ा, तो अंकित का शव फांसी पर लटका हुआ मिला।

## 15 अप्रैल को हुई परिवार से बात

परिवार ने बताया कि अंकित ने आखिरी बार 15 अप्रैल को उनसे बात की थी। उसके बाद से उसका मोबाइल फोन बंद आ रहा था। पीजी में रहने वाले अन्य लोगों ने बताया कि अंकित का स्वभाव शांत था और वह शायद ही कभी दूसरों से बातचीत करता था। वह अपना ज्यादातर समय कमरे में पढ़ाई करते हुए बिताता था। मृत्यु का सही कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, फिलहाल हम अंकित के कॉल रिकॉर्ड और पीजी आवास के उउळश फुटेज की जांच कर रहे हैं।

# कल रात रहें अलर्ट! मोहाली में 8 बजते ही सायरन बजेगा और ब्लैकआउट होगा; घबराएं नहीं

मोहाली/यूटर्न/23 अप्रैल। शहरवासियों को शुक्रवार रात सतर्क रहने की सलाह दी गई है, क्योंकि रात 8 बजे से पूरे जिले में सिविल डिफेंस की एक अहम मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। इस दौरान सायरन बजेंगे और कुछ क्षेत्रों में अस्थायी ब्लैकआउट लागू किया जाएगा। प्रशासन ने साफ किया है कि यह केवल अभ्यास है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। जिला उपायुक्त कोमल मित्तल के अनुसार, ड्रिल की शुरूआत ठीक 8 बजे एयर रेड सायरन से होगी, जो करीब दो मिनट तक अलग-अलग ध्वनियों में बजेगा। इसके तुरंत बाद प्रशासनिक भवनों और आसपास के इलाकों में लाइट्स बंद कर ब्लैकआउट का अभ्यास किया जाएगा। करीब 15 मिनट तक चलने वाली इस एक्सरसाइज में आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखा जाएगा। इसमें लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, रेस्क्यू ऑपरेशन, मेडिकल सहायता और राहत कार्यों की कार्यप्रणाली का रिहर्सल किया जाएगा।

# सेक्टर-15 और 34 में अतिक्रमण पर नगर निगम का शिकंजा, 72 चालान काटे

चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। शहर के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों में अतिक्रमण और अवैध वेंडिंग के खिलाफ चंडीगढ़ नगर निगम ने विशेष अभियान चलाया। यह कार्रवाई संयुक्त आयुक्त डॉ. हिमांशु गुप्ता के निर्देशों पर की गई।

अभियान के तहत सेक्टर-15 स्थित पटेल मार्केट, शोरूम एरिया और निर्धारित वेंडिंग साइट्स पर कार्रवाई की गई। इसके बाद सेक्टर-34 की फर्नीचर मार्केट में भी प्रवर्तन





टीमों ने अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया। इस दौरान सार्वजनिक गलियारों और पैदल रास्तों को पूरी तरह खाली करवाया गया, जिससे खरीदारों और स्थानीय निवासियों को आवागमन में राहत मिली।

इस अभियान को प्रभावी ढंग से अंजाम देने के लिए चार प्रवर्तन टीमें (स्क्ए२) तैनात की गई थीं। कार्रवाई शांतिपूर्ण और सुनियोजित तरीके से की गई, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए गए।

नगर निगम की इस कार्रवाई में कुल 72 चालान किए गए, जिनमें अवैध अतिक्रमण और नगर निगम नियमों की अनदेखी के मामले शामिल हैं।

नगर निगम ने कहा है कि शहर की मार्केट्स में व्यवस्था बनाए रखने, आम जनता की सुविधा सुनिश्चित करने और नागरिक नियमों का पालन कराने के लिए ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।

# मां बगलामुखी जयंति पर मां बगलामुखी धाम में पावन जयंति महोत्सव आज

## प्रसिद्ध भजन गायक करेंगे मां बगलामुखी का गुणगान

लुधियाना/यूटर्न/23 अप्रैल। मां बगलामुखी धाम में मां बगलामुखी जी जयंति महोत्सव मां आज 24 अप्रैल को महंत प्रवीण चौधरी जी के सानिध्य में मनाया जाएगा। उपोक्त जानकारी महंत प्रवीण चौधरी जी ने 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले मां बगलामुखी जी की पावन जयंति महोत्सव की तैयारियों को अतिंम रुप देने के लिए आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए दी। महोत्सव की जानकारी देते हुए महंत प्रवीण चौधरी जी ने बताया कि मां बगलामुखी जी के अति प्रिय पीले रंग में रंगा मां बगलामुखी धाम का दृश्य आलौकिक होगा । शुक्रवार शाम 4 बजे से 6 बजे तक मां बगलामुखी का रूद्राभिषेक व आलौकिक श्रृंगार किया जाएगा । सैंकड़ो श्रद्धालु कन्या पूजन कर मां बगलामुखी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। हल्दी की माला से मंत्रों का जाप करके मां बगलामुखी जी को हल्दी, पीले फूल, पीला भोग अर्पित होगा

सांय 6 बजे मां बगलामुखी जी महाआरती होगी । शाम 7 बजे रात्रि 10 बजे तक हवन यज्ञ आयोजित होगा। यज्ञ में पूर्णहुति के उपरांत रात्रि 10 बजे से मां बगलामुखी जी की इच्छा तक प्रसिद्ध भजन गायक संदीप सूद होशियारपुर वाले





व हैप्पी बटवाल मां बगलामुखी जी का गुणगान करेंगे। मां भगवती को पीले रंग के प्रसाद अर्पित कर भोग के रुप में वितरित होंगे। इस अवसर पर मनप्रीत छतवाल, कर्ण शांडिल्या, सुनील महाजन, रमन घई, जतिन्द्र सूद, मोहित सूद, राणा रणजीत सिंह, सुधीर महाजन, गौरव कालिया, जतिन सूद, परमवीर चौधरी, संदीप सूद, सुनील हांडा, नरिन्द्र सिंगला, इकबाल सिंह, बलजीत त्रिखा, गौतम सचदेवा, नरिन्द्र महाजन, तरुण चौधरी, अंकुश सिंगला, चेतन टंडन, साहिल सिंगला, राज सोंलकी, पंकज गुप्ता, दीपक गर्ग, दिनेश रल्ली, वरूण जैन, मनीष गुप्ता, विजय गुप्ता, रमन शर्मा, आदित्य गुप्ता, वरुण चोपड़ा, तुषार बंसल, धीरज गुप्ता, जनकराज सिंगला, बौबी मक्कड़, नितेश सूद, राकेश पासी, गुनीत खैरा, अजय जैन, रविन्द्र सिंह वालिया, तेजिन्द्र मिगलानी, वरुण दत्त, भूपिन्द्र सिंह, वेद लूथरा, सुनील हांडा, वरूण शर्मा, पवन पारिक, अनुज वधवा, आशूतोष, प्रदीप टाटा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## रूह से रूबरू






चारु नागपाल

### धमकी भरी ईमेल बच्चों की मानसिकता को डरा रही है।

बार-बार स्कूलों में बम की धमकियों का आना एक गंभीर और चिंताजनक समस्या बनता जा रहा है। ऐसी झूठी या असली धमकियों के कारण स्कूलों को बंद करना पड़ता है, जिससे बच्चों और उनके माता-पिता में भय और असुरक्षा की भावना पैदा होती है। शिक्षा का वातावरण, जो सुरक्षित और शांत होना चाहिए, वह डर और अफवाहों से भर जाता है।

बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर इसका गहरा असर पड़ता है। वे स्कूल जाने से डरने लगते हैं और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाते। दूसरी ओर, माता-पिता भी अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर लगातार चिंता में रहते हैं। यह स्थिति समाज में अस्थिरता और अविश्वास को बढ़ावा देती है। इसके अलावा, बार-बार स्कूल बंद होने से शिक्षा की निरंतरता भी बाधित होती है। छात्रों की पढ़ाई में रुकावट आती है और उनका भविष्य प्रभावित हो सकता है। यह केवल एक स्कूल या परिवार की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए खतरे की घंटी है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कानून और जागरूकता आवश्यक है। समाज के हर व्यक्ति को जिम्मेदारी

समझनी चाहिए, ताकि बच्चों को सुरक्षित और सकारात्मक वातावरण मिल सके।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Child Custody कैसे तय होती है?**

तलाक या अलगाव की स्थिति में सबसे संवेदनशील प्रश्न होता है— बच्चे किसके साथ रहेंगे? इसे ही Child Custody कहा जाता है।

कानून का सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांत है—"Welfare of the Child" (बच्चे का सर्वोत्तम हित)। अदालत यह नहीं देखती कि माता-पिता में से कौन सही या गलत है, बल्कि यह देखती है कि बच्चे के लिए कौन-सा वातावरण बेहतर होगा।

Custody दो प्रकार की हो सकती है— Physical Custody, जिसमें बच्चा एक अभिभावक के साथ रहता है, और Joint Custody, जिसमें दोनों माता-पिता की भूमिका बनी रहती है और समय का विभाजन किया जाता है। अदालत निर्णय लेते समय कई बातों पर ध्यान देती है—जैसे बच्चे की उम्र, उसकी जरूरतें, माता-पिता की आर्थिक स्थिति, उनका व्यवहार, और बच्चे के साथ उनका भावनात्मक जुड़ाव।

छोटे बच्चों के मामलों में सामान्यत: माँ को प्राथमिकता दी जाती है, लेकिन यह कोई कठोर नियम नहीं है। हर केस अपने तथ्यों के आधार पर तय होता है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि जिस अभिभावक को custody नहीं मिलती, उसे अक्सर visitation rights दिए जाते हैं, ताकि वह बच्चे से मिल सके और संबंध बना रहे।

कई बार माता-पिता अपने व्यक्तिगत विवाद को बच्चे पर थोप देते हैं, जो बच्चे के मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है।

निष्कर्ष: Child Custody का निर्णय माता-पिता के अधिकार से अधिक बच्चे के हित को ध्यान में रखकर किया जाता है। समझदारी और संतुलन के साथ लिया गया निर्णय ही बच्चे के भविष्य के लिए बेहतर होता है।

# 57 दिनों तक चलने वाली श्री अमरनाथ यात्रा के लिए सेवा कार्यों की रूपरेखा तैयार

### रामबन में गूंजेगा 'हर-हर महादेव'; श्री गौरी शंकर सेवा मंडल ने शुरू की भंडारे की तैयारियाँ



-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/23/अप्रैल। जगरांव की प्रसिद्ध धार्मिक और समाजसेवी संस्था श्री गौरी शंकर सेवा मंडल ने इस वर्ष की श्री अमरनाथ यात्रा के दौरान रामबन (जम्मू-कश्मीर) में लगाए जाने वाले वार्षिक भंडारे की तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। मंडल के अध्यक्ष विवेक गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित एक विशेष बैठक के दौरान बताया गया कि इस बार यात्रा 3 जुलाई से 28 अगस्त तक कुल 57 दिनों की होगी।

**समापन:** यात्रा का समापन रक्षाबंधन के शुभ अवसर पर होगा।

**सुविधाएँ:** संस्था द्वारा यात्रियों के ठहरने और भोजन के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

**सहयोग की अपील:** अध्यक्ष गुप्ता और मंडल के सदस्यों ने शहरवासियों से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर योगदान देने की अपील की है।

इस बैठक में चेयरमैन गोपी शर्मा, महासचिव सुमित शास्त्री, कैशियर वरिंदर गर्ग, संरक्षक संजीव मल्होत्रा, विनय शर्मा और उपाध्यक्ष सुखदीप नाहर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## 14-15 वर्ष की बच्चियों के लिए एचपीवी वैक्सीन जरूरी, सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी माध्यम : डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/23 अप्रैल। डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने कहा कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियों के लिए एचपीवी वैक्सीन लगवाना बेहद जरूरी है, क्योंकि यह सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में यह वैक्सीन नि:शुल्क उपलब्ध है और अभिभावकों को अपनी बेटियों का समय पर टीकाकरण अवश्य करवाना चाहिए। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले कैंसरों में एक प्रमुख बीमारी है, जिसका मुख्य कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस संक्रमण है। यदि 14-15 वर्ष की आयु में बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन लगा दी जाए तो भविष्य में इस बीमारी के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

यूटर्न टाइम

# KIMT में सजी 'यादें 2026', रंगारंग कार्यक्रमों के बीच दी गई विदाई



लुधियाना/यूटर्न/23 मार्च। सिविल लाइंस स्थित Khalsa Institute of Management and Technology for Women (KIMT) में अंतिम वर्ष की छात्राओं के सम्मान में 'यादें 2026' नामक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन छात्रों की शैक्षणिक यात्रा, उपलब्धियों और संस्थान में बिताए गए यादगार पलों को समर्पित रहा।

समारोह में छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भावुक भाषणों के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को यादगार बना दिया। इस अवसर पर संस्थान की निदेशक डॉ. हरप्रीत कौर ने छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और संस्थान से जुड़े रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फैशन शो रहा, जिसमें तीन राउंड के जरिए छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में खुशी धामा (एमबीए) को 'मिस फेयरवेल' चुना गया, जबकि विनीका अरोरा और सीरत ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय रनर-अप का खिताब जीता। अन्य विशेष खिताबों में इश्वप्रीत, यशिका कालसी, सिफतदीप, गुन क्वात्रा, दीपांशी, आकांक्षा, जसनीत कौर, अलीशा, इशिका और महक को सम्मानित किया गया। समारोह का समापन छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ किया गया।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल विद्यार्थियों ने पर्यावरण जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया

लुधियाना/यूटर्न/23 अप्रैल। सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने पर्यावरण से जुड़े गंभीर मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस रोचक स्ट्रीट-थिएटर के माध्यम से छात्रों ने प्रदूषण, वनों की कटाई और सतत जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाया। उनके प्रभावशाली प्रदर्शन ने दर्शकों तक एक स्पष्ट और सार्थक संदेश पहुंचाया। यह पहल स्कूल मैनेजर सिस्टर चैंटल, प्रिंसिपल सिस्टर शांति डीह्नसूजा और



वाइस प्रिंसिपल सिस्टर सबीना ओलिवेरा के मार्गदर्शन एवं सहयोग में आयोजित की गई, जिनके समर्थन से यह प्रस्तुति सफलतापूर्वक साकार हो सकी।इस कार्यक्रम को दर्शकों द्वारा काफी सराहा गया और इसकी रचनात्मकता व प्रासंगिकता की प्रशंसा की गई। सप्ताह भर आयोजित विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत स्कूल लगातार पृथ्वी की देखभाल के महत्व पर जोर दे रहा है और समुदाय में जिम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित कर रहा है।

# गुरमेहर फाउंडेशन ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस, विशेष बच्चों के साथ लगाया पौधारोपण



लुधियाना/यूटर्न/23 अप्रैल। गुरमेहर फाउंडेशन की ओर से विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सील एकेडमी स्पेशल नीड्स चिल्ड्रेन एनजीओ में एक विशेष पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पौधे लगाना था, बल्कि बच्चों और समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता, जिम्मेदारी और देखभाल की भावना को बढ़ावा देना भी था। इस मौके पर फाउंडेशन के सदस्यों और विशेष बच्चों ने मिलकर पौधे लगाए और प्रकृति को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया, जिससे माहौल सकारात्मक और प्रेरणादायक बन गया। फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस पहल का मकसद समाज में समावेशिता को बढ़ावा देना और यह संदेश देना है कि हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी परिस्थिति में हो, पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने पर्यावरण को बचाने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। इस मौके रूही जैन, प्रीत धनोआ, तनु जैन, शीतल जैन, शिवानी गुप्ता, रिपन, रितु मल्हान, साक्षी, मनीत कार्ला, अमन वर्मा, अनुजा जैन, अंजली जैन आदि उपस्थित रही।

# सेक्टर-24 में 1.65 करोड़ के विकास कार्यों की शुरूआत, मेयर सौरभ जोशी ने रखी आधारशिला







चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। शहर के सेक्टर-24 में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मेयर सौरभ जोशी ने ₹1.65 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास कार्यों की शुरूआत की। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन के तहत की गई है। एससीओ-94 और गणेश मार्केट के बीच स्थित ओपन एरिया में किया गया, जहां नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और



क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इन विकास कार्यों में मार्केट एरिया में फ्लोरिंग अपग्रेड, पुराने सार्वजनिक शौचालय का पुनर्निर्माण, वार्ड नंबर-12 में सीवरेज सिस्टम को मजबूत करना और अहम स्थानों पर स्टेनलेस स्टील हाउस इंडिकेटर बोर्ड लगाना शामिल है। इसके अलावा सेक्टर-24 ए और डी में जॉगिंग ट्रैक विकसित करने की भी योजना है, जिससे स्थानीय निवासियों को सुरक्षित और बेहतर वॉकिंग स्पेस मिल सकेगा। इससे क्षेत्र में स्वास्थ्य और फिटनेस को भी बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर मेयर सौरभ जोशी ने कहा कि नगर निगम शहर में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने और लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी परियोजनाएं तय समयसीमा में पूरी की जाएंगी, ताकि आम लोगों को सीधा लाभ मिल सके। नगर निगम चंडीगढ़ का कहना है कि वह सतत शहरी विकास और बेहतर नागरिक सेवाओं के लिए प्रतिबद्ध है और शहर के सभी सेक्टरों में इसी तरह के विकास कार्य आगे भी जारी रहेंगे।

# नगर निगम की लापरवाही उजागर: चंडीगढ़ में जल आपूर्ति व्यवस्था बदहाल







चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। गर्मी का मौसम शुरू होते ही शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था चरमराने लगी है। पानी का प्रेशर लगातार कम हो रहा है, जिसके कारण पहली और दूसरी मंजिलों पर रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई क्षेत्रों में पर्याप्त पानी न मिलने से लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

इसी संदर्भ में चंडीगढ़ नगर निगम के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर एवं वार्ड नंबर 24 के पार्षद श्री जसबीर सिंह बंटी तथा पार्षद श्रीमती प्रेमलता ने सेक्टर-39 और सेक्टर-37 स्थित पब्लिक हेल्थ वाटर वर्क्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर खामियां सामने आईं। पार्षदों ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं ही उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, तो हर वर्ष पानी के रेट में बढ़ोतरी किस आधार पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि अभी गर्मी की शुरूआत ही हुई है और पानी की किल्लत विकराल रूप लेने लगी है।

उन्होंने बताया कि पानी की कमी के चलते लोग वाटर टैंकर की मांग कर रहे हैं, लेकिन टैंकर 7 से 8 घंटे की देरी से पहुंच रहे हैं। इससे स्कूलों, घरों और विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब हर वर्ष गर्मियों में पानी की मांग बढ़ती है, तो नगर निगम पहले से पर्याप्त तैयारी क्यों नहीं करता और नए टैंकर क्यों नहीं खरीदे जाते। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि कई स्थानों पर इलेक्ट्रिक पैनल खराब हैं, जिससे पानी की सप्लाई बाधित हो रही है। शहर के विभिन्न वाटर वर्क्स में लगी पंपिंग मशीनरी जर्जर हालत में है और पिछले दो वर्षों से कोई बड़ी मरम्मत या नियमित मेंटेनेंस नहीं की गई है। लगभग 60% मशीनरी पुरानी और अप्रचलित हो चुकी है, जिससे सिस्टम की कार्यक्षमता में 30-40% तक गिरावट आई है।

मुख्य उपकरण जैसे पंप, मोटर, इलेक्ट्रिक पैनल और स्लूइस वाल्व खराब स्थिति में हैं। इसके अलावा, सक्शन और डिलीवरी एमएस पाइपलाइन पिछले 20 वर्षों से नहीं बदली गई हैं और केवल अस्थायी मरम्मत के सहारे काम चलाया जा रहा है। पब्लिक हेल्थ विभाग में नियमित सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर की कमी और अनुभवहीन अधिकारियों की तैनाती भी स्थिति को गंभीर बना रही है।

पार्षद जसबीर सिंह बंटी ने बताया कि वर्ष 2020 में शुरू किया गया स्मार्ट सिटी मिशन प्रोजेक्ट अब तक अधूरा पड़ा है। डिविजनल ऑफिस को मरम्मत कार्यों के लिए पर्याप्त वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार नहीं दिए गए हैं। इसके बावजूद 1 अप्रैल से पानी के बिलों में वृद्धि कर दी गई है, जबकि नागरिकों को पर्याप्त जल आपूर्ति भी नहीं मिल रही। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले महीनों में शहर को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि सेक्टर-39 वाटर वर्क्स और सेक्टर-37 के दौरे के दौरान डायरेक्ट सप्लाई सिस्टम में लगे कई बैक वॉटर वाल्व खराब पाए गए, जिनकी अब तक मरम्मत नहीं हुई है। कई स्थानों पर पानी का रिसाव हो रहा है, जिससे जल की बर्बादी हो रही है। मशीनरी पर जंग लग चुका है और बिजली के कई पैनल लंबे समय से खराब पड़े हैं, जो रखरखाव की भारी कमी को दर्शाता है।

# जीरकपुर के स्काई यार्ड बार में बिल विवाद को लेकर मारपीट, तीन युवक घायल

## -15 से 17 कारिंदों ने लोहे की रॉड व सरियों से किया हमला, एक युवक का दांत तोड़ा









जीरकपुर/यूटर्न/23 अप्रैल। बुधवार देर रात 12 बजे छत लाइट प्वाइंट पर स्काई यार्ड बार में बिल को लेकर कारिंदों व युवकों में बहस के बाद झगड़ा हो गया। झगड़ा इस कदर बढ़ गया कि कारिंदों ने युवकों के सिर पर रांड व लोहे के सरियों से वार कर दिए। हमले में कोमल, रणधीर सिंह व सोनी निवासी वीआईपी रोड जीरकपुर बूरी तरह से घायल हो गए। यहां तक की कोमल का दांत तक तोड़ दिया गया, वहीं रणधरी सिंह के सिर पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ वार किए गए जिसके सिर पर पांच टांके लगे हैं। वहीं सोनी भी हमले में घायल हुआ है जिसकी पीठ पर सरियों से वार किए गए। हमले के बाद घायलों को ढकौली अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां वह जेरे ईलाज है।

कोमल ने बताया कि वह स्काई यार्ड बार में शराब पीने गए थे। उन्होंने शराब की बोतल के पैसे पहले ही ऑनलाइन कर दिए थे, जिसके बाद कुछ घंटे वहीं बैठकर उन्होंने शराब पी। बाद में जब बिल देने का समय आया तो स्काई यार्ड बार के कारिंदों ने शराब की बोतल के पैसे भी बिल में जोड़ दिए। उन्होंने जब कारिंदों को बताया कि वह शराब की बोतल का बिल पहले ही दे चुके हैं लेकिन वह नहीं माने। इस बात को लेकर उनमें कहासुनी हो गई और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। बताया जा रहा है कि करीब 15 से 17 कारिंदों ने लोहे की रॉड व सरियों से उन पर हमला कर दिया। कोमल ने बताया कि अगर वह जान बचाकर मौके से ना भागते तो वह उन्हें जान से मार देते। इस मामले में थाना प्रभारी सतिंदर सिंह ने बताया कि घायलों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। मेडिकल लीगल रिपोर्ट (एमएलआर) के आधार पर आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज भी जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, ताकि आरोपियों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जा सके।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत ड्राइवरों के लिए मुफ्त नेत्र जांच शिविर, 147 लाभार्थियों की जांच



चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। नगर निगम चंडीगढ़ ने कर्मचारी कल्याण और सड़क सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए अपने ड्राइवरों के लिए मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। यह शिविर स्वच्छ भारत मिशन के तहत सेक्टर-17 स्थित नगर निगम भवन में ग्रोवर आई लेजर अस्पताल के सहयोग से लगाया गया। इस पहल का उद्देश्य ड्राइवरों की दृष्टि स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है, जिससे सड़क सुरक्षा और सेवा वितरण में सुधार सुनिश्चित हो सके। शिविर में कुल 147 ड्राइवरों ने भाग लिया और अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों की टीम द्वारा उनकी विस्तृत जांच की गई।

शिविर के दौरान प्रतिभागियों को आंखों की देखभाल, दृष्टि सुधार और बचाव संबंधी उपायों पर विशेषज्ञ सलाह दी गई। जरूरतमंद ड्राइवरों को आगे के इलाज और चश्मे के उपयोग के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए, ताकि समय रहते दृष्टि संबंधी समस्याओं का समाधान किया जा सके। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, आईएएस ने कहा कि ड्राइवरों की अच्छी दृष्टि न केवल उनके व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि शहर में सड़क सुरक्षा मानकों को बनाए रखने के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत इस तरह के स्वास्थ्य शिविर निगम के समग्र दृष्टिकोण को मजबूत करते हैं। नगर निगम ने भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य और जागरूकता कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प दोहराया है, ताकि कर्मचारियों को स्वस्थ, सुरक्षित और अधिक उत्पादक बनाया जा सके।

# जिला प्रशासन की ओर से शुक्रवार को ब्लैकआउट और मॉकड्रिल अभ्यास किया जाएगा : डिप्टी कमिश्नर

## रात 8:00 बजे से 8:20 बजे तक रहेगा पूर्ण ब्लैकआउट

- लोगों को घबराने की जरूरत नहीं, ब्लैकआउट और मॉकड्रिल केवल आपात स्थिति से निपटने की अभ्यास प्रक्रिया
- डी.ए.वी. कॉलेज में होगी मॉकड्रिल प्रक्रिया

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/23 अप्रैल। जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार शाम अभ्यास के तौर पर स्थानीय डी.ए.वी. कॉलेज में मॉक ड्रिल की जाएगी, जिसका उद्देश्य लोगों को किसी भी अप्रिय घटना के समय पूरी सतर्कता के साथ बचाव करना और सुरक्षित रहने के तरीकों के बारे में जागरूक करना है। इसके साथ ही शुक्रवार रात 8:00 बजे से 8:20 बजे तक शहर में ब्लैकआउट और मॉकड्रिल अभ्यास करवाया जाएगा।

डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने बताया कि शहरवासियों को ब्लैकआउट के मद्देनजर किसी प्रकार घबराने या डरने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह केवल सिविल डिफेंस की मजबूती के लिए एक अभ्यास प्रक्रिया है।



उन्होंने बताया कि मॉकड्रिल के माध्यम से किसी भी आपात स्थिति में लोगों के बचाव और सुरक्षा के लिए उठाए जाने वाले कदमों की रिहर्सल की जाएगी।

उन्होंने बताया कि ब्लैकआउट से दो मिनट पहले सायरन बजाया जाएगा, जिसके बाद ब्लैकआउट प्रक्रिया शुरू होगी और किसी भी प्रकार की रोशनी नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अस्पतालों और औद्योगिक संस्थानों में ब्लैकआउट नहीं होगा, जबकि बाजारों, दुकानों और घरों में लाइटें पूरी तरह बंद रहेंगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि ब्लैकआउट प्रक्रिया को गंभीरता से लेते हुए पूर्ण रूप से लाइटें बंद रखने में सहयोग करें। ब्लैकआउट और मॉकड्रिल को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाह से सतर्क रहने का संदेश देते हुए डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि यह केवल एक अभ्यास प्रक्रिया है और लोगों को किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति ब्लैकआउट और मॉकड्रिल को लेकर अफवाह फैलाता पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि सिविल डिफेंस के वालंटियर्स संबंधित विभागों के सहयोग से डी.ए.वी. कॉलेज में मॉकड्रिल करेंगे, जिसका उद्देश्य किसी भी घटना के दौरान पीड़ित एवं प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकालने की प्रक्रिया का अभ्यास करना है। उन्होंने कहा कि यह अभ्यास लोगों को जागरूक करने और उनकी सतर्कता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें सभी को सहयोग करना चाहिए।

# पंजाब-हरियाणा के 84 जजों के हुए तबादले, हरसिमरनजीत सिंह एडीजे लुधियाना नियुक्त

पंजाब/यूटर्न/23 अप्रैल। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने वीरवार को एक आदेश जारी कर पंजाब और हरियाणा के 84 जजों का तबादला किए है। इनमें 38 जज पंजाब के हैं, जबकि 46 जज हरियाणा के हैं। इसमें लुधियाना में हरसिमरनजीत सिंह को एडिशनल डिस्टिक सेशन जज, अनिश अबरोल को एडिशनल को एडिशनल डिस्टिक सेशन जज, फास्टट्रैक कोर्ट, परमिंदर कौर को एडिशनल




डिस्टिक सेशन जज, एडिशनल प्रिंसिपल जज, फैमिली कोर्ट, सुमित भल्ला को एडिशनल डिस्टिक सेशन जज नियुक्त किया है। वहीं निर्भय सिंह गिल को जालंधर से फतेहगढ़ साहिब, जितेंद्र पाल सिंह को पठानकोट से एसबीएस नगर, अरुण गुप्ता को फतेहगढ़ साहिब से मलेरकोटला भेजा गया है। वहीं मोहाली के हरदीप सिंह, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एवं सेशन जज को एग्जीक्यूटिव स्पेशल कोर्ट में ट्रायल के लिए एनआईए केस भी सौंपे गए हैं। इस आधिकारिक आदेश के माध्यम से कई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के तबादले और नई नियुक्तियाँ की गई हैं। इस सूची के अनुसार हरिंदर सिद्धू को पटियाला से चंडीगढ़ स्थानांतरित किया गया है, जबकि तरनतारन सिंह बिंद्रा को फाजिल्का से रूपनगर भेजा गया है। आदेश की एक मुख्य विशेषता नए न्यायालयों की स्थापना है, जिसके तहत हरीश आनंद, जसविंदर सिंह-क, सुश्री रश्मि कपिला और डॉ. मनदीप मित्तल को उनके संबंधित जिलों में नवनिर्मित स्पेशल एनआरआई कोर्ट में तैनात किया गया है।

# सेक्टर-39 थाना पुलिस ने युवक को देसी कट्टे व दो जिंदा कारतूस के साथ दबोचा




अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। शहर में असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सेक्टर-39 थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। यह कार्रवाई एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देश, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन और एसडीपीओ साउथ-वेस्ट धीरज कुमार की निगरानी में की गई। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह ऑपरेशन अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम करीब 5:30 बजे सेक्टर-38ऊ स्थित डोगरा रेस्टोरेंट के पास गश्त के दौरान टीम ने डड्डूमाजरा निवासी मयंक उर्फ मंकू माजरिया को संदिग्ध हालत में पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा (पिस्टल) और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए, जिनके संबंध में वह कोई लाइसेंस या परमिट पेश नहीं कर सका।

### एक दिन के रिमांड पर है आरोपी

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड भी हासिल किया गया है। जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि आरोपी पहले भी हत्या के प्रयास के एक मामले में शामिल रहा है और वह केस फिलहाल अदालत में विचाराधीन है। पुलिस अब आरोपी के आपराधिक नेटवर्क और हथियारों के स्रोत की जांच में जुटी है।

# एसएसजीआई में 'एडियू 2के 26' का आयोजन, छात्रों को भावुक विदाई

## रैंप वॉक, डांस और डीजे नाइट ने बांधा समां, मेधावी छात्रों को 'श्री सुखमनी' व 'सुश्री सुखमनी' खिताब

जीरकपुर/यूटर्न/23 अप्रैल। एसएसजीआई परिसर में विभिन्न संस्थानों से स्नातक होने वाले छात्रों के लिए 'एडियू 2के 26' नामक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंतिम वर्ष के छात्रों को भावुक और यादगार विदाई दी गई। कार्यक्रम में उत्साह, उमंग और भावनाओं का अनोखा संगम देखने को मिला।



कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं रैंप वॉक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। अंतिम वर्ष के छात्रों ने आत्मविश्वास के साथ मंच पर अपनी प्रस्तुति दी और विभिन्न खिताबों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए अपने व्यक्तित्व का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह के दौरान स्वादिष्ट नाश्ते और रात्रिभोज की भी व्यवस्था की गई, जिससे माहौल और भी खुशनुमा हो गया। डीजे सत्र ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए, जहां छात्रों ने जमकर नृत्य किया और अपने दोस्तों के साथ यादगार पल बिताए। पूरा परिसर हंसी, संगीत और उत्साह से गूंजता रहा।

विदाई के इस खास मौके पर छात्रों ने अपने कॉलेज जीवन की यादों को संजोते हुए कई सेल्फी लीं और अपने अंतिम पलों को यादगार बनाया। कार्यक्रम में उपाधि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई, जिनमें प्रतिभागियों ने विभिन्न दौरों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

'श्री सुखमनी' और 'सुश्री सुखमनी' के खिताब विभिन्न संस्थानों के उत्कृष्ट छात्रों को प्रदान किए गए। एसएसआईआईटी से नेहा और गौतम अरोरा, एसएसआईपी से निशा और समीर खान, एसएससीएल से खुशप्रीत और बलजिंदर, एसएसएसआईएचएम से वंशिका और गुरजीत तथा एसएसपी से साहिल को सम्मानित किया गया। एसएसजीआई के निदेशक डॉ. दमनजीत सिंह ने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'एडियू 2के 26' केवल एक विदाई समारोह नहीं, बल्कि दोस्ती, उपलब्धियों और जीवन की महत्वपूर्ण यात्रा का उत्सव है। मुख्य प्रशासक रशपाल सिंह ने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व जताते हुए उन्हें अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा दी। वहीं प्रधानाचार्य डॉ. जी.एन. वर्मा ने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और जीवन में उत्कृष्टता हासिल करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर इस यादगार शाम को हमेशा संजोकर रखने का संकल्प लिया।

# शाहपुर कॉलोनी पुनर्वास मुद्दाः गवर्नर से मिले निवासी, बेघर न करने का मिला आश्वासन

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। शाहपुर कॉलोनी के पुनर्वास को लेकर मंगलवार को कॉलोनी निवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल पंजाब के गवर्नर गुलाबचंद कटारिया से मिला। यह मुलाकात सांसद मनीष तिवारी के दिशा-निर्देश पर महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव ममता डोगरा के नेतृत्व में हुई। ममता डोगरा ने गवर्नर को बताया कि शाहपुर कॉलोनी चंडीगढ़ की आखिरी बची हुई ऐसी बस्ती है, जो कृषि भूमि पर बसी हुई है। उन्होंने कहा कि पहले चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड द्वारा निवासियों को एक्सेप्टेंस लेटर जारी किए गए थे, लेकिन बाद में प्रशासन ने पेराफेरी एक्ट लगाकर उन्हें मकान के लिए अयोग्य घोषित कर दिया।



उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले को लेकर निवासी हाई कोर्ट और साउथ एसडीएम के पास भी जा चुके हैं। इसके बाद जिला प्रशासन की ओर से 25 साल पुराने वोट संबंधी दस्तावेज जमा करने को कहा गया, जिसे निवासियों ने पूरा भी किया, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अयोग्य ठहराना गलत है। ममता डोगरा ने संविधान के अनुच्छेद 21 का हवाला देते हुए कहा कि लोगों को आवास का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी में रहने वाले लोग पिछले करीब 35 वर्षों से यहां रह रहे हैं और सभी जरूरी दस्तावेज जमा करने के बावजूद उन्हें अवैध बताना न्यायसंगत नहीं है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गवर्नर गुलाबचंद कटारिया ने मौके पर ही डीसी से बातचीत की और आश्वासन दिया कि कॉलोनी निवासियों को नई योजना के तहत शामिल किया जाएगा। साथ ही यह भी कहा कि तब तक किसी भी निवासी को बेघर नहीं किया जाएगा। इस दौरान वेलफेयर कमेटी के प्रधान राजेश गिरी ने सांसद मनीष तिवारी और पूर्व सांसद सत्यपाल जैन का आभार जताते हुए कहा कि इस मुद्दे को लेकर वे पहले भी कई बार प्रशासन को पत्र लिख चुके हैं।

# चंडीगढ़ में आधी रात को आगजनीः कई वाहन फूंके, इलाके में दहशत



कुलदीप सैनी

चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। चंडीगढ़ के मौली जागरां स्थित विकास नगर में बीती रात अज्ञात शरारती तत्वों ने खड़ी गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई।



घटना गुरु रविदास मंदिर के पास करीब रात 2:30 बजे की बताई जा रही है, जहां एक टाटा ऐस वाहन सहित कई कारों और मोटरसाइकिलों को आग लगा दी गई। इस पूरी वारदात की तस्वीरें आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई हैं, जिससे पुलिस को जांच में अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। सूचना मिलते ही डायल 112 और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपियों की पहचान के प्रयास जारी हैं। पुलिस का दावा है कि दोषियों को जल्द पकड़कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद स्थानीय निवासियों में भारी रोष और डर का माहौल है। लोगों का कहना है कि लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

# अकाली दल (पुनर सुरजीत) का विजन जारी, पंथक एजेंडा और नई साझेदारी के संकेत

चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। पंजाब की राजनीति में नए समीकरण बनते नजर आ रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल (पुनर सुरजीत) ने अपना विजन डॉक्यूमेंट जारी करते हुए पंथक मुद्दों पर सख्त रुख और संगठन में बड़े बदलावों का संकेत दिया है। पार्टी प्रधान ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में दस्तावेज जारी करते हुए खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह के संगठन के साथ संभावित समझौते की पुष्टि भी की।



ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने साफ किया कि चाहे गठबंधन किसी से भी हो, पार्टी का विजन और सिद्धांत नहीं बदलेंगे। उन्होंने श्री आनंदपुर साहिब प्रस्ताव को पार्टी की नीति का आधार बताते हुए कहा कि पंथक मर्यादा से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा।

विजन डॉक्यूमेंट में युवाओं और महिलाओं को बड़ी हिस्सेदारी देने की घोषणा की गई है। पार्टी ने 40% टिकट युवाओं और 35% महिलाओं को देने का ऐलान किया है, ताकि संगठन को नया स्वरूप दिया जा सके। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि पार्टी के उम्मीदवार 'साबत सूरत' सिख होंगे। पार्टी ने राज्य की बिगड़ती आर्थिक स्थिति, बढ़ते कर्ज और युवाओं के भटकाव को प्रमुख मुद्दा बताया। सोशल मीडिया के जरिए फैल रही गलत सूचनाओं पर भी चिंता जताई गई।

इस मौके पर वरिष्ठ नेता इकबाल सिंह झुंदा ने कहा कि श्री आनंदपुर साहिब प्रस्ताव पार्टी का रोल मॉडल रहेगा और पंजाब से जुड़े मुद्दों को संघर्ष और सत्ता—दोनों स्तरों पर उठाया जाएगा। उन्होंने राज्यसभा में सभी राज्यों को समान प्रतिनिधित्व देने की मांग भी दोहराई। भाजपा के साथ संभावित गठबंधन पर पार्टी ने संकेत दिए कि जो भी दल पंजाब और सिखों के हितों को स्वीकार करेगा, उसके साथ समझौते पर विचार किया जा सकता है।

# मलोया पुलिस ने दो आरोपियों को हेरोइन और क्रिस्टल मेथ के साथ दबोचा

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। शहर में नशे के कारोबार पर लगाम कसते हुए चंडीगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। थाना मलोया पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से हेरोइन (चिट्टा) व क्रिस्टल मेथ (आईस) बरामद की हैं। यह कार्रवाई एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देश, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन और एसडीपीओ साउथ-वेस्ट धीरज कुमार की निगरानी में की गई। पुलिस के मुताबिक, नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत यह सफलता हासिल हुई है।





**पहला मामला:** FIR नंबर 62 (21 अप्रैल) के तहत पुलिस टीम ने सेक्टर-39 वेस्ट स्थित जिरी मंडी के पास कच्चे रास्ते पर दबिश देकर अनूप (34), निवासी सेक्टर-56, चंडीगढ़ को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 8.40 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) और 9.80 ग्राम क्रिस्टल मेथ (आईस) बरामद हुई। आरोपी को अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है, जिससे पूछताछ में बड़े नेटवर्क के खुलासे की उम्मीद है।

**दूसरा मामला:** FIR नंबर 64 (22 अप्रैल) में पुलिस ने दादू माजरा श्मशान घाट के पास से विजय कुमार (36), निवासी मोहाली को काबू किया। उसके कब्जे से करीब 5.09 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों मामलों में गहन जांच जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी किन-किन लोगों से जुड़े हैं और ड्रग सप्लाई का नेटवर्क कितना बड़ा है। चंडीगढ़ पुलिस ने साफ किया है कि शहर में नशे के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पुत्रवधू के उत्पीड़न से परेशान महिला ने नहर में कूदकर किया सुसाइड, बेटे की शिकायत पर 5 लोगों पर FIR

पंजाब/यूटर्न/23 अप्रैल। अबोहर में एक महिला की नहर में कूदकर आत्महत्या के मामले में नया मोड़ आया है। सुंदर नगरी गली नंबर 6 निवासी सुमन मोंगा पति पुरुषोत्तम मोंगा ने हाल ही में हनुमानगढ़ रोड नहर में छलांग लगाकर जान दे दी थी। पुलिस ने मृतका के बेटे रोहित मोंगा के बयान पर पुत्रवधू और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मृतका की पुत्रवधू अपने परिवार के साथ मिलकर अपनी सास को प्रताड़ित करती थी। इसी उत्पीड़न से आहत होकर सुमन मोंगा ने यह कदम उठाया। थाना नंबर दो की पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

बेटा बोला-मां से झगड़ा करने लगी थी पत्नी

रोहित मोंगा ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि उसकी शादी करीब ढाई साल पहले अबोहर के मॉडल टाउन गली नंबर 8 निवासी संजीव कुमार की बेटी आईना से हुई थी। करीब 13-14 दिन पहले उनके घर बेटी हुई, जिसके जन्म से घर में खुशी का माहौल था। रोहित ने आगे बताया कि उसके पिता का निधन करीब 23 साल पहले हो चुका है। उसकी पत्नी शादी के कुछ समय बाद ही उसकी मां से झगड़ा करने लगी थी और उन्हें परेशान करती थी।



### बेटे को मां से अलग रहने को बोलती थी पत्नी

वह उसे उसकी मां से दूर करना चाहती थी और अक्सर कहती थी कि वह अपनी मां को छोड़ दे, अगर वह उसके साथ रहना चाहता है या फिर उसकी मां को कहीं अलग शिफ्ट कर दे। इतना ही नहीं रोहित ने बताया कि जब भी उसकी बहने अपने मायके में मा से मिलने आई थी तो भी उसकी पत्नी घर में क्लेश करती थी। उसने इस बारे में अपने ससुरालियों को भी बताया था कि वे अपनी बेटी को समझाएं लेकिन वे भी उसका ही साथ देते थे, इसी बात को लेकर उसकी मां मानसिक रूप से परेशान रहती थी।

# युवक की अपहरण के बाद हत्या, गैस एजेंसी के बाहर से पिस्तौल के बल ले गए थे बदमाश

पंजाब/यूटर्न/23 अप्रैल। कपूरथला में एक युवक का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई। औजला रोड स्थित एक गैस एजेंसी के बाहर से अज्ञात कार सवार बदमाशों ने युवक को अगवा किया और बाद में उसे बेरहमी से पीटने के बाद गांव दयालपुर के पास फेंक दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव वरियाह दोना निवासी दीपक पुत्र जसपाल सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। सिटी थाना के एसएचओ अमनदीप नाहर ने इसकी पुष्टि की है।



### आरोपियों के पास थी पिस्तौल

जानकारी के अनुसार, दीपक गैस सिलेंडर सप्लाई करने वाले एक ठेकेदार के साथ काम करता था। उसे सुबह करीब 9:30 बजे औजला रोड पर स्थित एक गैस एजेंसी के गोदाम के बाहर से कुछ कार सवार अज्ञात बदमाश अगवा कर ले गए। सूत्रों ने बताया कि बदमाशों के पास पिस्टल भी थी, जिसके कारण मौके पर मौजूद लोग डर के मारे हस्तक्षेप नहीं कर सके।

### गंभीर हालत में मिला था युवक, अस्पताल में मौत

एसएचओ अमनदीप नाहर के मुताबिक, आरोपी बदमाश युवक को अपने साथ ले गए और उसकी बेरहमी से पिटाई की। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उसे दयालपुर के पास फेंक दिया गया था। राहगीरों की मदद से घायल दीपक को करतारपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# नगर परिषद चुनाव से पहले फर्जी वोटों का आरोप, मामला गरमाया

डेराबस्सी/यूटर्न/23 अप्रैल। नगर परिषद चुनाव से पहले जीरकपुर, डेराबस्सी और लालड़ू में मतदाता सूचियों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। विभिन्न वार्डों में फर्जी वोट जोड़ने और गड़बड़ी करने के आरोप सामने आने से सियासी माहौल गरमा गया है।

इस संबंध में जीरकपुर के पूर्व प्रधान सरदार उदयवीर सिंह ढिल्लों ने राज्य चुनाव आयोग, पंजाब को ज्ञापन सौंपकर मामले की तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावों से पहले जानबूझकर मतदाता सूचियों में फर्जी नाम शामिल किए जा रहे हैं, जिससे चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है।



ढिल्लों ने कहा कि यह मामला लोकतंत्र की मूल भावना के साथ खिलवाड़ है और यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। उन्होंने आयोग से मांग की कि सभी वार्डों की मतदाता सूचियों की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और जिन नामों में गड़बड़ी पाई जाए, उन्हें तुरंत हटाया जाए। उन्होंने आगे कहा कि चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना बेहद जरूरी है, ताकि आम जनता का विश्वास बना रहे। वहीं, इस मुद्दे को लेकर स्थानीय लोगों में भी रोष देखा जा रहा है और वे निष्पक्ष कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अब इस पूरे मामले में राज्य चुनाव आयोग की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

# हैवानियत पर कानून का शिकंजा: पिता को मरते दम तक जेल, 1 लाख जुर्माना

अमृतसर/यूटर्न/23 अप्रैल। पॉक्सो-कम-फास्ट ट्रैक अदालत ने मानवता को झकझोर देने वाले एक संवेदनशील मामले में कड़ा और ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अपनी ही नाबालिग बेटी के साथ लगातार दुष्कर्म करने वाले आरोपी सतनाम सिंह उर्फ मन्नू को अदालत ने प्राकृतिक जीवन के अंत तक यानी मरते दम तक जेल में रहने की सजा सुनाई है। यह मामला थाना खलचियां के गांव डेनियाल का है, जहां आरोपी पिछले करीब दो वर्षों से अपनी मासूम बेटी को दरिंदगी का शिकार बना रहा था। 17 जुलाई 2024 को घटना का खुलासा उस समय हुआ जब पीड़िता की मां घर पर मौजूद नहीं थी। आरोप है कि उस दिन आरोपी ने न केवल जबरन दुष्कर्म किया, बल्कि बच्ची के साथ मारपीट भी की और उसे धमकाया कि अगर उसने किसी को बताया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने आरोपी को भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 65(2)/64(1) और ढडउरड अ३ की धारा 6 के तहत दोषी करार दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि ऐसे जघन्य अपराधियों के लिए समाज में कोई स्थान नहीं है। आरोपी पर 1 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया।

# स्टाइल और कॉन्फिडेंस का परफेक्ट कॉम्बो Tamannaah




Tamannaah Bhatia का ये लेटेस्ट ग्लैम लुक इंटरनेट पर छाया हुआ है। गोल्डन ड्रेस में उनका सिजलिंग अंदाज फैंस को दीवाना बना रहा है। सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। उनके स्टाइल और कॉन्फिडेंस को देख फैंस उन्हें 'फैशन डीवा' का टैग दे रहे हैं। तस्वीर में उनका पोज और एटीट्यूड पूरी तरह स्टार पावर दिखाता है। कयास लगाए जा रहे हैं कि ये फोटोशूट किसी अपकमिंग प्रोजेक्ट या ब्रांड कैंपेन का हिस्सा है, जिससे एक्साइटमेंट और बढ़ गई है।

# पश्चिम बंगाल चुनावः शाम 5 बजे तक 89.93 प्रतिशत मतदान; रघुनाथगंज में सबसे ज्यादा 95.64 प्रतिशत मतदान दर्ज

चंडीगढ़/यूटर्न/23 अप्रैल। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार, गुरुवार को पश्चिम बंगाल चुनावों के पहले चरण में शाम 5 बजे तक 89.93 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कुल 294 विधानसभा सीटों में से 152 सीटों पर आज मतदान हुआ। बंगाल में पहले चरण का मतदान सुबह 7 बजे शुरू हुआ। पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल काफी गर्म रहा, जहाँ पीएम नरेंद्र मोदी ने नदिया में एक रैली को संबोधित करते हुए टीएमसी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस बार बंगाल की जनता टीएमसी से नाराज है और ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली यह पार्टी कई शहरों में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी। कुछ इलाकों से झड़पों और हिंसा की खबरें भी सामने आईं; गुरुवार सुबह मुर्शिदाबाद ज़िले के नौदा में एक धमाके में कई लोगों के घायल होने के बाद, टीएमसी और एयूजेपी के कार्यकताओं के बीच कथित तौर पर कहा-सुनी हो गई। एक वीडियो में, एयूजेपी प्रमुख हुमायूँ कबीर को भी टीएमसी कार्यकताओं से झगड़ते हुए देखा गया।



## गलत वोटें हटाने से ममता को नुकसान

इससे पहले, नंदीग्राम और भवानीपुर से इखढ के उम्मीदवार शुभेंदु अधिकारी ने नंदीग्राम में अपना वोट डाला और कहा कि अगर मतदाता सूची से मृत और फर्जी मतदाताओं के नाम हटा दिए जाएँ, तो ममता बनर्जी के चुनाव जीतने की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने राज्य में शांतिपूर्ण चुनाव होने की भी उम्मीद जताई। हम हिंदू हैं, हम सनातनी हैं। मैंने पूजा-अर्चना की, 'नमन' किया.... मैंने अपने चुनाव क्षेत्र के पोलिंग एजेंटों से बात की...पोलिंग शांतिपूर्ण ढंग से होनी चाहिए, अधिकारी ने पत्रकारों से कहा।

## कई जगह हुई हिंसक घटनाएं

बंगाल के मुर्शिदाबाद ज़िले में एक बम धमाके की घटना सामने आई, जिसके बाद एयूजेपी के हुमायूँ कबीर घटनास्थल पर पहुँचे। हालाँकि, उनके वहाँ पहुँचने से टीएमसी कार्यकताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई। मतदान प्रक्रिया के दौरान पार्टी कार्यकताओं और पुलिस के बीच तनाव बढ़ने पर स्थिति को काबू में करने के लिए सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को हल्का लाठीचार्ज करना पड़ा, लेकिन पुलिस ने इस बात से इनकार किया कि स्थिति उनके काबू से बाहर हो गई थी। पश्चिम बंगाल में मतदान के पहले चरण के दौरान हिंसा की पहली घटना सामने आई। मुर्शिदाबाद ज़िले के नौदा में कुछ अज्ञात लोगों द्वारा देसी बम फेंके जाने से कई लोग घायल हो गए; इस घटना के संबंध में अभी और जानकारी का इंतजार है।

## कई मुख्य सीटें

पश्चिम बंगाल में पूरे चुनाव प्रचार के दौरान 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' (रक्फ़) चर्चा का मुख्य विषय रहा है। खबरों के मुताबिक, इस प्रक्रिया के कारण 60 लाख से 90 लाख से ज्यादा नाम हटा दिए गए, जिससे मतदाताओं की संख्या लगभग 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गई। मुख्य सीटें हैं भवानीपुर, जहाँ ममता बनर्जी का मुकाबला इखढ के शुभेंदु अधिकारी से है; खड़गपुर सदर, जहाँ इखढ के दिलीप घोष का मुकाबला टीएमसी के प्रदीप सरकार से होगा; मुर्शिदाबाद, जहाँ इखढ के गौरी शंकर घोष और टीएमसी की शयोनी सिंहा रॉय एक बार फिर आमने-सामने हैं; और बहरामपुर, जहाँ कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी वापसी की कोशिश कर रहे हैं।

## चुनावों को लेकर जरुरी जानकारी

- बंगाल में कितने मतदाता हैं? पश्चिम बंगाल में आज 3.22 करोड़ से ज्यादा मतदाता वोट डालने के पात्र हैं।
- पिछली बार BJP ने कितनी सीटें जीती थीं? 2021 के विधानसभा चुनावों में, BJP ने 77 सीटें जीती थीं और अब वह तृणमूल को सत्ता से हटाने के लिए नए सिरे से जोर लगा रही है। हालाँकि, टीएमसी ने दावा किया है कि इस बार BJP का प्रदर्शन और भी खराब रहेगा, और वह 50 से ज्यादा सीटें नहीं जीत पाएगी।

BJP दूसरे चरण का मतदान कब होगा? जहां आज 152 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हो रहा है, वहीं बाकी 142 सीटों पर 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे, और नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

## बीजेपी कर रही कड़े प्रयास

जैसे-जैसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस दोबारा चुनाव जीतने की कोशिश कर रही है, वैसे-वैसे विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (BJP) अपने प्रतिद्वंद्वी को सत्ता से हटाने की कोशिश कर रही है। बंगाल में चुनाव प्रचार के आखिरी 48 घंटों के दौरान राजनीतिक माहौल काफी गरमा गया, क्योंकि तृणमूल और इखढ दोनों ने रैलियां निकालीं और एक-दूसरे पर हमले किए। कोलकाता के पूर्वी बाहरी इलाके में दम दम में एक चुनावी रैली में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ममता बनर्जी पर तीखा हमला किया, और उनकी पार्टी पर ₹घुसपैठियों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने₹ का आरोप लगाया। इस बीच, टीएमसी के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने शाह पर महिलाओं का अपमान करने का आरोप लगाया, जब उन्होंने ममता बनर्जी को 'ए दीदी' कहकर संबोधित किया।

# 32 तबादले और एक जिद-ईमानदारी पर अडिग रहा AIR-1 IAS अधिकारी

नई दिल्ली/यूटर्न/23 अप्रैल। श्रीधर वेम्बू ने हाल ही में एक दिलचस्प और प्रेरणादायक किस्सा साझा किया, जिसमें उन्होंने अपने एक सहपाठी कअर अधिकारी की ईमानदारी की मिसाल पेश की। IIT मद्रास से पढ़े वेम्बू ने बताया कि उनका यह सहपाठी, जिसने वढरउ परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की थी, अपने करियर में अब तक 32 बार ट्रांसफर झेल चुका है। वेम्बू के अनुसार, बार-बार तबादलों के पीछे मुख्य कारण उस अधिकारी की सख्त ईमानदारी और नियमों के प्रति प्रतिबद्धता रही। उन्होंने



बताया कि अधिकारी ने कभी भी दबाव या अनुचित आदेशों के आगे झुकना स्वीकार नहीं किया, जिसके चलते उसे प्रशासनिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

इस घटना ने एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्था में ईमानदारी की कीमत पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, वेम्बू ने इसे नकारात्मक रूप में नहीं बल्कि एक प्रेरणा के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी ही व्यवस्था में पारदर्शिता और विश्वास को मजबूत बनाते हैं। यह किस्सा सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसे ईमानदारी की सच्ची मिसाल मान रहे हैं।

# भरोसे का घोटालाः पंजाब के साइबर फ्रॉड केस पर एक व्यंग्यपूर्ण नजर



संदीप शर्मा, सम्पादक

आह, टेक्नोलॉजी और सोशल मीडिया का जमाना, जहाँ एक साधारण-सा 'थम्स-अप' आपको बिल्लियों के वीडियो, कैटफि शिंग (धोखाधड़ी), और जाहिर तौर पर, भयानक आर्थिक तबाही की ओर ले जा सकता है। पंजाब में लुधियाना के एक व्यापारी, जगदीप सिंगला के साथ हाल ही में बड़ी गड़बड़ सामने आई है, वह डिजिटल युग में गलत जगह भरोसा करने की कला पर एक चेतावनी भरी कहानी से कम नहीं है। हमारी मुख्य किरदार, अनायिका रॉय, आज के जमाने की धोखेबाज कलाकार का किरदार बखूबी निभाती हैं; वह यह साबित करती हैं कि किसी को ठगने के लिए आपको बस एक आकर्षक प्रोफाइल तस्वीर और एक (सचमुच) धोखाधड़ी वाली योजना की जरूरत होती है। सिंगला, क्रिप्टोकरेंसी की रहस्यमयी दुनिया को समझने की अपनी कोशिश में एक ऐसा क्षेत्र जिसे अभी भी बहुत से लोग पूरी तरह से नहीं समझ पाए हैं, अनायिका रॉय के जाल में फँस गए। रॉय ने खुद को एक माहिर क्रिप्टो विशेषज्ञ के तौर पर पेश किया था। भला इसमें क्या गलत हो सकता था? आखिर, कौन अपनी मेहनत की कमाई ऐसे किसी इंसान के साथ निवेश नहीं करना चाहेगा जिससे उसकी मुलाकात फेसबुक पर हुई हो? मेरा मतलब है, अगर आप इंटरनेट पर किसी अजनबी पर भरोसा नहीं कर सकते, तो फिर किस पर भरोसा करेंगे?

### फायदा उठाने के तरीके

यह देखना लगभग ताजा अनुभव जैसा है कि ये धोखेबाज इंसान की दौलत पाने की बुनियादी उम्मीद का फायदा कैसे उठाते हैं। ऐसी दुनिया में जहाँ आर्थिक तंगी एक आम सच्चाई है, आसानी से अमीर बनने का लालच समझदार लोगों को भी इतनी तेजी से अंधभक्त बना देता है कि आप फर्जी निवेश कह भी नहीं पाएँगे। सिंगला को एक महिला ने बड़ी रकम निवेश करने के लिए उकसाया। शुरूआत में मामूली 1 लाख रुपये से हुई यह रकम बढ़ते-बढ़ते लगभग 20 करोड़ रुपये तक पहुँच गई। यह महिला, अगर उसका कोई अस्तित्व है भी, तो वह किसी आर्थिक गुरु से ज्यादा एक मृगतृष्णा (भ्रम) जैसी लगती है।

### पॉन्जी स्कीम की बेहत उदाहरण

जिस प्लेटफॉर्म पर उन्हें लुभाकर लाया गया था, ₹ङङ्गल्ली७ श्क्ढ 2,₹ उसका नाम सुनने में काफी आसान और आधिकारिक-सा लगता है, भले ही उसकी बुनियाद धोखाधड़ी पर टिकी हो। अगर आपको यह समझने के लिए कोई सटीक उदाहरण चाहिए कि आज के जमाने की 'पॉन्जी स्कीम' को पूरी तरह से कैसे अंजाम दिया जाता है, तो यह कहानी उसका एक बेहतरीन नमूना है। जैसे-जैसे सिंगला देश भर में फैले अलग-अलग 'म्यूल अकाउंट्स' (धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल होने वाले खाते) में बड़ी-बड़ी रकम ट्रांसफर करते गए, क्योंकि भला वह ऐसा क्यों न करते ? उन्हें लगातार मनगढ़ंत मुनाफे के आँकड़े दिखाए जाते रहे, जिन्हें देखकर बड़े-बड़े धोखेबाज भी शर्मसार हो जाते।

### कई पैंतरों का हुआ इस्तेमाल

और जरा उन जबरदस्त मनोवैज्ञानिक पैंतरों की बात करें जिनका इस्तेमाल यहाँ किया गया है: यह धोखाधड़ी की दुनिया की एक क्लासिक 'प्लेबुक' (किताब) जैसा है। जब भी सिंगला के मन में कोई शक आता। वे छोटे-छोटे परेशान करने वाले ख्याल जो शायद उसे आर्थिक बबार्दी से बचा सकते थे, तो अनायिका उसे दिलासा देने के लिए हाज़िर रहती; शायद अपनी कॉफी की चुस्कियाँ लेते हुए और अपने बैंक खाते में आए ताजा लेन-देन पर हल्के से मुस्कुराते हुए। किसने सोचा था कि भावनात्मक हेर-फेर (ङ्क्ष३ङ्गल्लं ल्लस्र४ ३ङ्गल्ल) एक असरदार बिजनेस रणनीति हो सकती है?

### घोटाले की सच्चाई का हुआ अहसास

लेकिन, जब सिंगला को आखिरकार इस घोटाले की कड़वी सच्चाई का एहसास हुआ, जब उसने अपने पैसे निकालने की कोशिश की और उसे ₹प्रोसेसिंग फीस₹ और ₹टैक्स₹ की लंबी-चौड़ी लिस्ट का सामना करना पड़ा, तो उसका भ्रम टूट गया। पर सच तो यह है कि सिंगला कोई बहुत ज्यादा समझदार या आर्थिक रूप से सावधान इंसान नहीं था; वह जल्दी अमीर बनने के लालच में फँस गया और इस चक्कर में उसे एक कड़ा सबक मिला।

### घटनाओं से मिलेगी सीख

जैसे-जैसे पंजाब की बेहतरीन पुलिस इस डिजिटल धोखेबाजी के बड़े नेटवर्क की जाँच कर रही है, एक सवाल मन में जरूर उठता है: क्या हम आखिरकार ऐसी घटनाओं से कुछ सीखेंगे ? इसका जवाब शायद जोरदार शब्दों में यही होगा: ₹शायद नहीं।₹ इसके बजाय, हम यकीनन किसी और इंसान को देखेंगे, जो बड़ी-बड़ी ख्वाहिशों के सपनों में अंधा होकर, अगली ₹अनायिका₹ का शिकार बन जाएगा, जो एक चमकीले बाहरी दिखावे और लुभावनी बातों के साथ उसके सामने आएगी।

### अनजान लोगों पर न करें भरोसा

आज के जमाने में, जहाँ सोशल मीडिया पर बातचीत ही सब कुछ है, यह बहुत जरूरी है कि हम ऑनलाइन अजनबियों पर आसानी से भरोसा करने की अपनी आदत पर सवाल उठाएँ। शायद एक नया नियम बनाया जाना चाहिए: ₹अगर कोई चीज सुनने में इतनी अच्छी लगे कि सच न लगे, तो शायद वह सच नहीं है!₹ या इससे भी बेहतर, एक आम हिदायत: ₹उन लोगों के साथ पैसे न लगाएँ जिनसे आप कभी मिले ही न हों।₹ हैरान करने वाली बात है, है ना।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।

Contact - +91 9814295372